पूर्वी सीमांचल का प्रथम

रायगढ़ क्षेत्र का विश्वसनीय समाचार पत्र

RNI Registration NO - 38481/82, Title Code- MPHIN04844

# दैनिक रायगढ़ संदेश



स्व. गुरुदेव काश्यप (संस्थापक)

https://www.raigarhsandesh.com https://epaper.raigarhsandesh.com dainikraigarhsandesh@gmail.com 09479641256

वर्ष-41 अंक- 188 रायगढ़, मंगलवार 05 मार्च 2024 मूल्य-3 पृष्ठ-8

पेज 2 पर...



राजिम कुंभ कल्प में विराट संत समागम का हुआ उद्घाटन

## लोकसभा निर्वाचन-2024 : प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने राज्य स्तर पर होगा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम - मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

### कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिए चलेगा विशेष अभियान

**नववधु सम्मान समारोह का 17 मार्च को होगा राज्य स्तरीय आयोजन**

रायपुर



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा है कि लोकसभा आम निर्वाचन के महापर्व में मतदाताओं की भूमिका अहम है। निर्वाचन महापर्व में प्रत्येक मतदाता के मत की अपने क्षेत्र और देश के भविष्य का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्र तक पहुँचे, यह निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मतदाताओं को मताधिकार के लिए प्रेरित करने का एक बहुत महत्वपूर्ण माध्यम है। कंगाले आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहीं थीं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने कहा कि आगामी एक माह में राज्य स्तर पर विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन ) कार्यक्रम के तहत आगामी 17 मार्च को नववधु सम्मान समारोह का राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इसमें नवविवाहित वधुओं को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम विशेष तौर पर आयोजित किए जाएं। उन्होंने इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा एनएसएस, एनसीसी और स्कॉउट गाइड के युवाओं के माध्यम से युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में युवाओं की बड़ी भूमिका होगी। युवा मतदाता न केवल स्वयं मतदान के लिए आगे आएं बल्कि अन्य मतदाताओं को भी मतदान केन्द्र तक आकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।


कंगाले ने बीते विधानसभा निर्वाचन- 2023 में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों में नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस), नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) तथा स्कॉउट गाइड की भूमिका की प्रशंसा भी की। इसके अलावा उन्होंने पूरी निर्वाचन प्रक्रिया में आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका को अहम बताया और बीते निर्वाचन के दौरान उनके कार्यों की सराहना की।

बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शामिल नहीं किया जाए।

कंगाले ने मतदाता जागरूकता के तहत जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताया । बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों पर चर्चा की। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, नेहरू युवा केन्द्र, दूरदर्शन , आकाशवाणी , जनसंपर्क विभाग सहित अन्य विभागों एवं संस्थानों के समन्वय से पूरे प्रदेश में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जाने पर जोर दिया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वय पी एस ध्रुव तथा डॉ के आर आर सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य अधिकारी डॉ नीता वाजपेयी, महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी, भारत स्कॉउट गाइड की राज्य समन्वयक सरिता पांडेय, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ शैलेन्द्र कुमार पटेल, पियाली फाउंडेशन की निदेशक डॉ मीता मुखर्जी सहित नेहरू युवा केन्द्र, दूरदर्शन, आकाशवाणी तथा जनसंपर्क विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामले की अब एनआईए करेगी जांच

बेंगलुरू । आरएनएस




बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट मामले की जांच कर्नाटक सरकार ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। सूत्रों ने सोमवार को ये जानकारी दी। सूत्रों ने इस बात की भी पुष्टि की है कि एनआईए पहले ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कर चुकी है। राज्य पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर एनआईए के अधिकारी पूरे मामले की जांच करेंगे। सूत्रों ने आगे बताया कि राज्य पुलिस की विशेष शाखा सीसीबी द्वारा अब तक के जांच के दस्तावेज और निष्कर्ष मंगलवार तक सौंपे जाएंगे।

एनआईए, आरएडब्लू और एनएसजी अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा कर सबूत एकत्रित किए थे। रविवार को मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा था कि अगर आवश्यकता महसूस हुई, तो उनकी सरकार पूरे मामले की जांच एनआईए को सौंपेगी। बीजेपी ने पूरे मामले की जांच एनआईए से कराने की मांग की थी। बीजेपी ने प्रदेश सरकार पर इस मामले को हल्के में लेने का आरोप लगाया था।

वहीं, बीजेपी ने डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और गृह मंत्री जी परमेश्वर के उस बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि यह ब्लास्ट बिजनेस राइवेलरी की वजह से हो सकता है। ब्लास्ट 1 मार्च को हुआ था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विस्फोट करने वाले शख्स को चिन्हित कर लिया है। इस बम ब्लास्ट में 10 लोग घायल हुए, जिसमें से एक महिला आईसीयू में भर्ती है।

## 'अतिक्रमण कर बना है आम आदमी पार्टी का ऑफिस, 15 जून तक करें खाली', सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि जिस जमीन पर आम आदमी पार्टी का कार्यालय चल रहा है, वह जमीन दिल्ली हाईकोर्ट की है और वहां पर अतिक्रमण किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने पार्टी को अपना दफ्तर खाली करना का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि लोकसभा चुनावों को देखते हुए 15 जून तक का वक्त दिया जाता है।

कोर्ट ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि यह दिल्ली हाईकोर्ट को दी गई जमीन पर अतिक्रमण है। इस जमीन का उद्देश्य राउज एवेन्यू कोर्ट के लिए अतिरिक्त कोर्टरूम का निर्माण करना है। वहीं आम आदमी पार्टी की तरफ से पक्ष रखते हुए वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 2015 के दौरान यह आप को यह जमीन दी गई थी। पार्टी देश की 6 राष्ट्रीय पार्टियों में से एक है और उसे भूखंड की जरुरत है।

**AAP नए दफ्तर के लिए सरकार को आवेदन दे सकती है-** इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि AAP नए दफ्तर के लिए सरकार को आवेदन दे सकती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि संबंधित विभाग AAP के आवेदन पर 4 सप्ताह में फैसला ले। बता दें कि इस मामले में 14 फरवरी को भी सुनवाई हुई थी। इस दौरान चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि इसमें कानूनों को तोड़ा जा रहा है और वह इसकी इजाजत किसी को भी नहीं दे सकते हैं।

## हैती की जेलों पर हमले में 12 लोगों की मौत



पनामा सिटी

हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में दो जेलों पर सशस्त्र गिरोहों ने हमला कर दिया। हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। हैती के संचार मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रीय जेल और क्रॉइक्स डेस बाउक्वेट्स की जेल पर हमला किया गया और यह रविवार तक चला। जेल पर हुए हमले के बाद हजारों कैदियों के भागने का अनुमान हैं।

## पैसे लेकर सदन में वोट देने वाले सांसदों-विधायकों पर अब चलेगा केस, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 1998 का फैसला

नई दिल्ली । आरएनएस



सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के पीवी नरसिम्हा राव मामले के फैसले को खारिज कर दिया है और कहा है कि सांसदों और विधायकों को रिश्वत के बदले विधायिका में वोट देने पर कानूनी कार्रवाई से छूट नहीं है। बेंच ने कहा है कि ये सर्वसम्मति का फैसला है और सुप्रीम कोर्ट छूट से असहमत है। 1998 के फैसले में कहा गया था कि अगर सांसद और विधायक रिश्वत लेकर सदन में वोट देते हैं तो उन्हें मुकदमे से छूट होगी।

सीता सोरेन बनाम भारत सरकार' मामले में सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की बेंच ने ये फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 105(2) और 194(2) के तहत सांसद और विधायकों को हासिल विशेषाधिकार की व्याख्या कर रहा है। फैसला सुनाने वाले जजों में सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं।

कोर्ट के सामने सवाल था कि रिश्वत के बदले सदन में भाषण या वोट देने के मामलों में क्या जनप्रतिनिधि कानूनी मुकदमे से छूट का दावा कर सकते हैं या नहीं? 1998 के अपने ही फैसले पर सुप्रीम कोर्ट को दोबारा से विचार करना था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विधायिका के किसी सदस्य की ओर से भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को खत्म कर देती है।

इस तरह सांसद या विधायक सदन में मतदान के लिए रिश्वत लेकर मुकदमे की कार्रवाई से नहीं बच सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट के अपने फ़ैसले को पलट दिया है। 1998 में 5 जजों की संविधान पीठ ने 3:2 के बहुमत से तय किया था कि रिश्वतखोरी के ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुक़दमा नहीं चलाया जा सकता।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत

तेलंगाना । आरएनएस




तेलंगाना में वानापर्थी जिले में सोमवार तडक़े एक कार के सडक़ किनारे पेड़ से टकरा जाने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना तब हुई जब कार में सवार लोग बल्लारी से हैदराबाद जा रहे थे। इस दौरान कार चालक वाहन पर अपना नियंत्रण खो बैठा और कार जिले के कोथाकोटा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर सडक़ किनारे एक पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

घायल लोगों में तीन गंभीर रूप से घायल है। घायल व्यक्तियों को आवश्यक चिकित्सा देखभाल के लिए वानापर्थी एरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

## महुआ मोइत्रा को बड़ा झटका, निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर याचिका कोर्ट ने की खारिज

नई दिल्ली । आरएनएस

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को मानहानि के एक मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। मोइत्रा ने प्रश्न के बदले नकदी मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्राई द्वारा सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ कथित अपमानजनक पोस्ट पर रोक लगाने की माँग की थी।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने अंतरिम निषेधाज्ञा के लिए मोइत्रा का आवेदन खारिज कर दिया, और दुबे तथा देहाद्राई को इस स्तर पर विवादित सामग्री पोस्ट करने से रोकने से इनकार कर दिया। मोइत्रा की अर्जी पर कोर्ट ने 20 दिसंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने कहा, मैंने निषेधाज्ञा आवेदन खारिज कर दिया है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने पहले स्पष्टीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए मोइत्रा और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के बीच किसी भी प्रकार के प्रत्युपकार के बारे में पूछा था। मोइत्रा पर, जिन्हें पिछले साल 8 दिसंबर को संसद की आचार समिति द्वारा लोकसभा सांसद के रूप में निष्कासित कर दिया गया था, हीरानंदानी की ओर से सदन में प्रश्न पूछने के बदले नकद प्राप्त करने का आरोप था। दुबे और देहाद्राई का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ताओं ने पहले एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट के पैरा 68 का हवाला देते हुए आरोप लगाया था कि मोइत्रा और हीरानंदानी के बीच एक समझौता था, जिसके कारण मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। अदालत ने तब मोइत्रा के अंतरिम निषेधाज्ञा आवेदन पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। दुबे ने ही लोकसभा अध्यक्ष के पास शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि मोइत्रा ने संसद में सवाल उठाने के लिए रिश्वत ली थी। दुबे के अनुसार, ये आरोप देहाद्राई द्वारा उन्हें संबोधित एक पत्र से उपजे हैं।

## ईडी के आठ समन की अवहेलना मामले में हेमंत सोरेन पर चलेगा मुकदमा

रांची । आरएनएस



झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को कोर्ट से एक और झटका लगा है। रांची के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने ईडी के कई समन का उल्लंघन करने के मामले में उनके खिलाफ संज्ञान लिया है। इस मामले में उन पर केस चलेगा।

ईडी की ओर से सीजेएम कोर्ट में 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इसमें एजेंसी ने बताया है कि जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को दस समन भेजे गए थे, लेकिन इनमें से मात्र दो समन पर वह उपस्थित हुए। यह पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत गैरकानूनी है।

इस कंप्लेन केस पर सीजेएम कोर्ट ने 28 फरवरी को पहली सुनवाई की थी और फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब अदालत इस मामले में 3 अप्रैल को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने हेमंत सोरेन को समन जारी करने का आदेश दिया है।

रांची के बडग़ाईं अंचल से संबंधित जमीन घोटाले को लेकर ईडी ने उन्हें पहली बार 14 अगस्त 2023 को हाजिर होने के लिए समन भेजा गया था। इसके बाद 19 अगस्त, 1 सितंबर, 17 सितंबर, 26 सितंबर, 11 दिसंबर, 29 दिसंबर 2023 के अलावा 13 जनवरी, 22 जनवरी और 27 जनवरी 2024 को समन भेजे गए थे। दसवें समन पर उनसे 31 जनवरी को पूछताछ हुई थी और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

## शिवरात्रि पर 36 घंटे के लिए खुला रहेगा काशी विश्वनाथ मंदिर

वाराणसी । आरएनएस



महाशिवरात्रि पर होने वाली मंगल आरती के बाद वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर 36 घंटे खुला रहेगा। मंदिर पदाधिकारियों ने त्योहार के मौके पर 10 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई है, जिसे ध्यान में रखते हुए गर्भगृह को दर्शन के लिए खोले रखने का निर्णय लिया गया है। मंदिर प्रबंधन ने भीड़ को नियंत्रित करने का पूरा प्रबंध भी कर लिया है।

मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने कहा, श्रद्धालु चार कतारों में मंदिर के दर्शन कर सकेंगे। वे 9 मार्च सुबह 11 बजे तक झरोखा दर्शन कर सकेंगे। इस अवधि में स्पर्श-दर्शन (शिवलिंग को छूकर प्रार्थना करना) की व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी।

उन्होंने कहा, इस मौके पर श्रद्धालुओं के लिए वीआईपी टिकट की सुविधा नहीं रहेगी और आम श्रद्धालुओं को किसी वीआईपी दर्शन की वजह से परेशान नहीं किया जाएगा। काशी विश्वनाथ मंदिर के नवीनीकरण और प्रधानमंत्री द्वारा 13 दिसंबर 2021 को इसका उद्घाटन किए जाने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी दर्ज की गई है। आमतौर पर यहां नव वर्ष, महाशिवरात्रि और श्रावण के माह में अधिक श्रद्धालु आते हैं।

बता दें कि पिछले साल महाशिवरात्रि के मौके पर यहां 6.88 लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे थे। अधिकारियों ने इस महाशिवरात्रि पर बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई है।

## रामलला दर्शन योजना : छत्तीसगढ़ के 850 श्रद्धालु आज जाएंगे अयोध्या धाम

### मुख्यमंत्री साय करेंगे हरी झंडी दिखा कर रवाना : श्रद्धालुओं का पहला जत्था 5 मार्च को हो रहा रवाना

रायपुर



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक चलाई जा रही विशेष ट्रेन को 5 मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मौके पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री साय रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को कल सुबह 10.30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 07 से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस विशेष ट्रेन में रायपुर संभाग के सभी 05 जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जाएगा।

गौरतलब है कि 12 कोच वाली इस ट्रेन में एक बार में छत्तीसगढ़ के करीब 850 श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा सकेंगे। इस विशेष ट्रेन का संचालन 5 मार्च से प्रारंभ हो रहा है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार बड़ी तेजी से मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने बताया कि सभी जिला कलेक्टरों ने हितग्राहियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त कर उनकी जांच की है और जिलेवार निर्धारित कोटे के अनुसार यात्रियों की सूची तैयार की है। सूची आईआरसीटीसी और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नोडल एजेंसी को भेजी गई। प्रत्येक जिले से 40 यात्रियों पर एक अनुरक्षक भी भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में अयोध्या के साथ-साथ इस ट्रेन के माध्यम से काशी में भगवान विश्वनाथ के दर्शन और प्रयागराज तीर्थ भ्रमण की व्यवस्था भी की जाएगी।

# राजिम कुंभ कल्प में विराट संत समागम का हुआ उद्घाटन

## द्वारका शारदा पीठाधीश्वर और बद्रीनाथ पीठाधीश्वर शंकराचार्यों सहित देशभर के साधु-संत हुए शामिल

❒ राजिम कुंभ संस्कृति का प्रमाण है - शंकराचार्य सदानंद

**गरियाबंद ।** आरएनएस



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार राजिम कुम्भ कल्प का भव्य आयोजन हो रहा है। कुम्भ में विभिन्न प्रदेशों से साधुसंतों एवं श्रद्धालुओं का आगमन हुआ है। इसी कड़ी में आज राजिम कुंभ कल्प मेला में विराट संत समागम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में अनंत विभूषित ज्योतिष मठ द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं अनंत विभूषित ज्योतिष मठ बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज राजिम पहुंचे। मुख्य मंच पर दोनों शंकराचार्यों का खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी दयाल दास बघेल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजिम विधायक रोहित साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधि विधान से चरण वंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में दोनों शंकराचार्य एवं अतिथियों ने भगवान राजीव लोचन के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया।

'राजिम कुंभ संस्कृति का प्रमाण है - सदानंद महाराज - द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि परमात्मा के पद प्राणी को पवित्र करती है। मार्ग में जो प्राणों की रक्षा करें वो पार्थाय है। जो राम नाम का जाप करते हैं। उनके पार्थ राम है। प्राणी मात्र में एक विश्राम का नाम राम है। धर्म रूपी कल्पवृक्ष का बीज राम नाम है। राम ने मनुष्य बनकर वो दिखाया, जो मनुष्य को करना चाहिए। कैसे धर्म का पालन किया जाता है। हमारे वेदों का ज्ञान संतों से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ संस्कृति का प्रमाण है। ऐसे आयोजनों से संस्कृति की रक्षा होती है।

अविमुक्तेश्वरानंद बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि राजिम महानदी का संगम, आचार्य का समागम, अध्यात्मिक लाभ से पवित्र स्थल बन चुका है। इससे पवित्र स्थान नहीं हो सकता। कुंभ कल्प का मतलब कुंभ जैसा होना है। इसलिए इस कुंभ का नाम कुंभ कल्प कर दिया गया। कुंभ कल्प बोलने से मान घटता नही है बढ़ा जाता है। कुंभ जैसा है वो कुंभ ही है।

उन्होंने कहा कि आपके साथ हम भी कुंभ का आनंद आह्लाद लेंगे। कुंभ ज्योतिष का योग है। ये योग नक्षत्रों के अनुसार प्रयाग, नासिक, उज्जैन, हरिद्वार जैसे तीर्थों के कुंभ के रूप में होता है। घर के पानी में मैल धोने की क्षमता होती है, लेकिन महानदी जैसे नदियों के पानी में मन का मैल धोने की क्षमता होती है। जिससे राजिम में आने वाले समस्त लोगों को आध्यात्मिक लाभ मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि ये सुखद संयोग है कि छत्तीसगढ़ के मंत्री द्वारा इस मंच पर एक साथ दो शंकराचार्यों को लाकर अद्भुत संजोग बनाया है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज करेंगे चित्रकोट महोत्सव 2024 का उद्घाटन

❒ मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में नव दंपत्तियों को देंगे आशीर्वाद

❒ बस्तर संभाग के लिए 208.32 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 643 विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन

**रायपुर**




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 5 मार्च को चित्रकोट महोत्सव-2024 का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम के तहत 340 नव दंपत्तियों को आशीर्वाद भी प्रदान करेंगे। साथ ही इस मौके पर वे बस्तर संभाग के लिए 208.32 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 643 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री 104 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत से 177 विकास कार्यों का लोकार्पण और 104 करोड़ 11 लाख रूपए की लागत से 466 विकास कार्यों का भूमिपूजन-शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण किए जाने वाले कार्यों में बस्तर जिले के 12 करोड़ 40 लाख 69 हजार की लागत से 31 विकास कार्य, सुकमा जिले के 10 करोड़ 27 लाख की लागत के 08 विकास कार्य, नारायणपुर जिले के 35 लाख 24 हजार की लागत के तीन विकास कार्य, बीजापुर जिले के 25 करोड़ 83 लाख 18 हजार की लागत के 104 विकास कार्य, कोण्डागांव जिले के एक करोड़ 08 लाख 46 हजार की लागत के 15 विकास कार्य, कांकेर जिले के 47 करोड़ 10 लाख 70 हजार की लागत के 14 विकास कार्य और दंतेवाड़ा जिले के 07 करोड़ 15 लाख 28 हजार की लागत के 02 विकास कार्य का लोकार्पण करेंगे।

इसी तरह भूमिपूजन-शिलान्यास के कार्यों में बस्तर जिले में 10 करोड़ 45 लाख रूपए की लागत के 108 विकास कार्य, सुकमा जिले में 08 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत के 06 विकास कार्य, नारायणपुर जिले में 08 करोड़ 73 लाख रूपए की लागत के 14 विकास कार्य, बीजापुर जिले में 10 करोड़ 43 लाख रूपए की लागत के 70 विकास कार्य, कोण्डागांव जिले में 04 करोड़ 28 लाख रूपए की लागत के 07 विकास कार्य, कांकेर जिले में 23 करोड़ 47 लाख रूपए की लागत के 29 विकास कार्य और दंतेवाड़ा जिले में 38 करोड़ 22 लाख रूपए की लागत के 232 विकास कार्य शामिल हैं।

# गर्म चाय केटली से पत्नी को किया लहूलुहान, आरोपी फरार

**कोरबा ।** आरएनएस



अपने घर में हमेशा नशा वगैरह का सेवन कर हडकंप मचाने वाले युवक ने कल देर शाम अपनी पत्नी को गर्म चाय की केटली से हमला करते हुए उसे बुरू तरह से लहूलुहान कर दिया। बांगो पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मारपीट किये जाने तथा पत्नी को अनावश्यक प्रताडित किये जाने का जुर्म दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार बांगो थानांतर्गत बाबापारा कोनकोना निवासी रीताबाई गिरी गोस्वामी उम्र 27 को उसका पति पवन गिरी गोस्वामी उम्र 30 आये दिन नशापान करने एवं अपनी मनमानी करने के कारण घर में हडकंप मचाए रखता था। यहां तक कि अनावश्यक पत्नी को प्रताड़ित भी करते रहता था। कल शाम चाय की केटली से पवन गिरी गोस्वामी ने क्रोधित होकर अपनी पत्नी रीता के उपर जोरदार हमला कर दिया जिससे कि लहूलुहान होकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

बताया जाता है कि इस घटना की जानकारी होने तथा गंभीर चोट लगने के कारण रीता गिरी गोस्वामी बांगो थाना पहुंचकर टीआई के.के. वर्मा को अपनी व्यथा बताई। जिसके बाद टीआई वर्मा ने मामले की विवेचना शुरू करते ही अपराध क्रमांक 60.24 धारा 294, 506, 323 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का सात मार्च को होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में 7 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर में प्रातः 08 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता मे कबड्डी, खो-खो, व्हालीवाल, हैण्डबाल, हॉकी, बास्केटबाल, रस्साकसी एवं एथलैटिक्स के अंतर्गत 100 मीटर दौड, गोला फैक, तवा फैक, लम्बीकूद खेलो का आयोजन किया जा रहा है।

जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों का पंजीयन फार्म भर कर जमा करना अनिवार्य है। भाग लेने वाले प्रतिभागियो की जानकारी, 06 मार्च तक निर्धारित पंजीयन फार्म के साथ जिले खेल अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# नगोई में 5 मार्च को जिला स्तरीय पशु पक्षी मेला

## उत्कृष्ट पशुपालकों को मिलेगा पुरस्कार

❒ किसानों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील

**बिलासपुर**



पशुधन विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 5 मार्च को नगोई (बैमा) में जिला स्तरीय पशु पक्षी मेले का आयोजन किया गया है। मेले में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर भी लगाई जायेगी। शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र मैदान में उक्त तिथि को सवेरे 11 बजे से मेला सह प्रदर्शनी शुरू होगी। विधायक सुशांत शुक्ला मेले का शुभारंभ करेंगे। समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण चौहान और विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष राजमहंत राजेश्वर भार्गव होंगे।

संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. जीएसएस तंवर ने बताया कि जिला स्तरीय पशु पक्षी प्रदर्शनी सह मेला में विभिन्न वर्गो के पशुओं को अलग-अलग समूहों में बांटकर प्रदर्शनी आयोजित की जावेगी। प्रत्येक समूह मे प्रतिस्पर्धा के आधार पर पशुओं के गुणवत्ता के अनुसार प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा तीन सांत्वना पुरस्कार प्रदाय किया जावेगा। उन्होंने समस्त कृषक एवं पशुपालकों से आग्रह किया है कि पशु प्रदर्शनी में अपने उन्नत नस्ल के पशुओं के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होकर प्रदर्शनी मे भाग लें। उन्नत नस्ल के पशुओं के प्रदर्शन हेतु पंजीयन नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था अथवा मेला स्थल पर पंजीयन काउंटर पर अनिवार्य रूप से करावें। पशुपालकों को उत्साहवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जावेगा।

**प्रदर्शनी के विभिन्न समूह इस तरह होंगे -** प्रथम समूह-कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न संकर बछिया, द्वितीय समूह-दुधारू गाय, तृतीय समूह-कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न स्वस्थ्य बछड़ा, चतुर्थ समूह-स्वस्थ्य बैल जोड़ी, पंचम समूह-उन्नत नस्ल की दुधारू भैंस, छठवां समूह-सांड़ प्रदर्शन, सप्तम समूह-पक्षी वर्ग (मुर्गी, बतख, जापानी बटेर), अष्टम समूह-बकरा, बकरी और नवम समूह-सूकर प्रदर्शनी का रखा गया है। पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने पशुओं के साथ उपस्थित होकर निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर एवं प्रदर्शनी सह मेला से विभागीय योजनाओ के प्रदर्शन से अवगत होते हुये स्वस्थ पशुपालन कैसे किया जाता है, की जानकारी का लाभ उठायें।

# थर्मल ड्रोन से हो रही हाथियों की निगरानी

**कोरबा ।** आरएनएस



जिले के कटघोरा वन मंडल के केंदई व एतमा नगा रेंज में हाथियों का दल तीन अलग-अलग समूहों में विचरण कर रहा है। जिसमें से दो हाथी केंदई रेंज के खड़पड़ी पारा तथा 15 हाथियों का दल रेंज के ही दलदली क्षेत्र में सक्रिय हे। वहीं 47 हाथियों का दल एतमा नगर रेंज के कटमोरगा जंगल में डेरा डाले हुए है। बड़ी संख्या में मौजूद इन हाथियों की निगरानी अब वन विभाग द्वारा थर्मलड्रोन कैमरे से की जा रही है।

ड्रोन कैमरा हाथियों का लगातार ट्रेकिंग कर उसका लोकेशन भेज रहा है। जिससे विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसकी निगरानी करने में आसानी हो रही है। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक हाथियों के गांव के निकट पहुंचने का लोकेशन ड्रोन कैमरे से मिलते ही विभाग द्वारा तत्काल ग्रामीणों को सचेत किया जा रहा है। साथ ही विभाग का मैदानी अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों को खदेडने की कार्रवाई में जूट जाता है।

ज्ञात रहे गत दिनों थर्मल ड्रोन कैमरे की खरीदी किए जाने के बाद बूका क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसे चलाने का प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अधिकारी व कर्मचारी अब इसका आसानी से संचालन कर रहें है। और हाथियों की निगरानी इस कैमरे की मदद से हो रही है।

# जनदर्शन में हुए प्राप्त हुए कुल 160 आवेदन : कलेक्टर ने आवेदनों का त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा**

कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आम लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी गंभीरता से उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 160 आवेदन प्राप्त हुए हैं।


जनदर्शन में जांजगीर के विकासखंड बलौदा के ग्राम बिरगहनी निवासी सीमा कुर्रे द्वारा राशनकार्ड से संबंधित, लीला यादव जमीन नामांतरण करवाने, शिवरीनारायण निवासी राकेश सिंह द्वारा भू-आबंटन कराने, ग्राम चुरतेला निवासी अनन्या रोहीदास द्वारा ट्रायसाइकिल दिलाने, जांजगीर के अलगू सिंह चौहान द्वारा इलेक्ट्रिक साइकिल दिलाने, ग्राम पंचायत सिवनी के सरंपच लखे कुमारी राठौर द्वारा अवैध कब्जा हटवाने, ग्राम पंचायत पनोरा निवासी दशरथ निवासी द्वारा वन भूमि का पट्टा दिलाने, जांजगीर निवासी किरण कुमार साहू द्वारा सीमाकंन कराने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 160 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

# आचार संहिता के पूर्व होगा अलंकरण समारोह : टंकराम वर्मा

**रायपुर (आरएनएस)।** खेल अलंकरण को लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि आचार संहिता के पहले खिलाडिय़ों को अलंकरण मिलेगा. हम लोग अलंकरण की तैयारी कर लिए हैं. सीएम की व्यस्तता के कारण निर्धारित नहीं हो रहा है. हम लोग उत्साहित हैं. हम लोग देख रहे हैं कि कितना जल्दी ये आयोजन करें. आचार संहिता के पहले हो जाएगा इसका प्रयास है. वहीं आरआई भर्ती परीक्षा की पटवारीयों द्वारा उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर मंत्री ने कहा कि अभी तक हमारे पास कोई शिकायत नहीं आई है. शिकायत आएगी, लगेगा जांच करना है तो जांच कराएंगे. कोई दिक्कत नहीं है.

# एनआईटी रायपुर के छात्रों को मिला टाटा स्टील लिमिटेड में प्लेसमेंट

**रायपुर**



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के अंतिम वर्ष की माइनिंग विभाग से अंजली तिवारी, इलेक्ट्रिकल से विशाखा झा और मेटालर्जिकल एंड मटेरियल इंजीनियरिंग से सुरभि सिंह और वंशिका गुप्ता को टाटा स्टील लिमिटेड से प्री प्लेसमेंट के प्रस्ताव मिले हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी स्टील उत्पादक कंपनियों में से एक है। इन छात्रों का चयन ऑन-कैंपस प्लेसमेंट और "वुमेन ऑफ मेटल" जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से किया गया।

माइनिंग इंजीनियरिंग की अंजली तिवारी का टाटा स्टील में मैनेजमेंट ट्रेनी टेक्निकल के पद के लिए चयन किया गया है तथा उन्हें 11.88 लाख प्रति वर्ष की सैलेरी प्राप्त हुई हैं। उन्होंने टाटा स्टील द्वारा आयोजित "वुमेन ऑफ मेटल" प्रतियोगिता में भाग लिया तथा सर्वोत्तम 10 फाइनलिस्ट्स में अपना स्थान हासिल किया जिसके बाद उन्हें प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) और एक इंटर्नशिप का अवसर मिला। उन्होंने पिछले GATE प्रश्नों को हल कर, क्लास नोट्स और ए. के. गोराई की पुस्तक का उपयोग कर तैयारी की। वह शोध पत्र भी ऑनलाइन पढ़ती थी और अंत में अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स पर भी काम किया। वह एनआईटी रायपुर, शिक्षकों, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल तथा संस्थान के पूर्व छात्रों की आभारी हैं, जिन्होंने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से विशाखा झा का टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी(जी.इ.टी) के पद पर चयन हुआ। वह इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट संयोजकों द्वारा आयोजित "साप्ताहिक योग्यता परीक्षण" दिया करती थी तथा क्लास में दिए जाने वाले लेक्चरों के अलावा वैचारिक प्रश्नों का अभ्यास करने के लिए उन्होंने कुछ यूट्यूब चैनलों जैसे "इलेक्ट्रिकल दोस्त", "प्रैक्टिकल इंजीनियरिंग" आदि की भी मदद ली। वह अपने उन सभी वरिष्ठों की आभारी है जिन्होंने उनकी पूरी यात्रा में सही मार्गदर्शन किया, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को प्रक्रिया के संबंध में निरंतर अपडेट के लिए धन्यवाद दिया।

मेटालर्जिकल एंड मटेरियल इंजीनियरिंग विभाग से वंशिका गुप्ता को सितंबर, 2023 में टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड से ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद के लिए प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला। जुलाई 2024 में टाटा स्टील के साथ वह कोर सेक्टर में अपनी यात्रा शुरू करने वाली है। इस ऑन-कैंपस अवसर में दिवाली पर एक परीक्षण, उसके बाद एक इंटरव्यू और धातु विज्ञान की प्रगति और स्थिरता पर एक सामूहिक चर्चा राउंड शामिल रहा। मई से जुलाई तक इंटर्नशिप करने वाली वंशिका को यह अनुभव मूल्यवान लगा, अपनी सफलता का श्रेय एनआईटी रायपुर के ऑन-कैंपस इंटर्नशिप और अपने परिवार, दोस्तों और कॉलेज के समर्थन को दिया। वरिष्ठों के मार्गदर्शन और एनआईटी रायपुर के मैत्रीपूर्ण माहौल के लिए तथा टाटा के साथ पूर्णकालिक प्रस्ताव हासिल करने में संस्थान के महत्वपूर्ण योगदान की वह आभारी है।

मेटालर्जिकल एंड मटेरियल इंजीनियरिंग विभाग से सुरभि सिंह का टाटा स्टील में मैनेजर ट्रेनी के रूप में चयन हुआ तथा 13 लाख प्रति वर्ष की सैलेरी प्राप्त हुई हैं। उन्होंने विद्वानों के शोध पत्रों और आधिकारिक ग्रंथों से अपनी समझ को बढ़ाया। "वूमेन ऑफ मेटल" कार्यक्रम में टॉप 10 में चयन हुआ तथा उन्होंने इंटर्नशिप हासिल की और इंटर्नशिप क्षेत्र-उन्मुख परियोजना परिणामों, सीखों और योगदानों को प्रदर्शित करने वाली एक अंतिम प्रस्तुति के साथ संपन्न हुई तथा उन्हें प्री प्लेसमेंट ऑफर दिया गया। एनआईटी रायपुर ने उनकी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विविध अनुभवों ने उनके कौशल को निखारा तथा संस्थान की प्रतिष्ठा और संसाधनों ने इस मूल्यवान प्री-प्लेसमेंट ऑफर को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

एनआईटी रायपुर इन सफलता की कहानियों के आधार के रूप में खड़ा है और पाठ्यक्रम द्वारा रखी गई मजबूत नींव छात्रों को उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।

# रोजगार कार्यालय में सात मार्च को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**जांजगीर-चांपा**



जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा द्वारा 07 मार्च 2024 दिन शुक्रवार को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से रोजगार कार्यालय, जांजगीर चांपा में किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में एग्रोस्कील सोशल वेलफेयर फाण्उडेशन द्वारा वर्चुअल टीचर के 25 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद के लिए बीएससी एग्रीकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर, बीएड, डीएड उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। उक्त पदों के लिए मानदेय 34 हजार रूपए से 44 हजार रूपए निर्धारित है एवं कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ निर्धारित है। इच्छुक युवा उक्त प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होना चाहते है वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा रोजगार पंजीयन के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित हो सकते है एवं अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

# रामलला दर्शन योजना के तहत 11 मार्च को रवाना होगी ट्रेन, आवश्यक तैयारियां करने के दिए निर्देश

❒ कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

❒ लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

❒ प्राथमिकता के साथ शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं का करें क्रियान्वयन- कलेक्टर

❒ नवीन राशन कार्ड वितरण करने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगाया जाएगा शिविर

**जांजगीर-चांपा**



कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 06 मार्च को स्व-सहायता समूहों से जुडी महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। उन्होंने आवश्यक तैयारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों, संगठनों की महिलाएं वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। कलेक्टर ने रामलला दर्शन योजना के तहत 11 मार्च को ट्रेन बिलासपुर से रवाना होगी। इसमें जिला के पात्र हितग्राही भी शामिल होंगे। उन्होंने सभी सीईओ, सीएमओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। सुशासित ग्राम अभियान के तहत किए जा रहे सर्वे की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत लाभ नागरिकों को देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नवीन राशन कार्ड के वितरण के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण कराना सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रदेश में महतारी वंदन योजना की राशि 7 मार्च को जारी की जाएगी। इस अवसर पर जिला एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे और महिलाओं के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे। उन्होंने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का आधार सीडिंग की जानकारी लेते हुए बचे हुए हितग्राहियों का आधार सीडिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के संबंध में समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत अब तक बने कार्डों की विकासखंडवार जानकारी लेते हुए शेष हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जनदर्शन के माध्यम से राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व से जुड़े आवेदनों का गंभीरता तथा संवेदनशीलता के साथ जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरण, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत में प्राप्त आवेदनों का समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही बैठक में, जाति प्रमाण पत्र, पीएम आवास, जल-जीवन मिशन, अग्निवीर, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न अन्य विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, सर्व एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जेएसपी में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन

## कार्यपालन निदेशक ने किया आयोजन का उद्घाटन :आगामी सप्ताह में होंगे सुरक्षा जागरूकता के विविध आयोजन

❒ जेएसपी के लिए सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता : सब्यसाची

❒ संयंत्र के औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा मनाया जा रहा सप्ताह





**रायगढ़ संदेश | रायगढ़**

"जिंदल स्टील एंड पॉवर के लिए सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है। जीरो हार्म हमारा लक्ष्य है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने अत्याधुनिक उपकरण लगाए हैं। अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि सुरक्षा से जुड़ी छोटी—छोटी सावधानियों को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाकर इस लक्ष्य को हासिल करने में अपना पूरा सहयोग दें। घर से निकलते ही हर किसी को यह हमेशा याद रखना चाहिए कि घर पर कोई हमारे लौटने का इंतजार कर रहा है।" जिंदल स्टील एंड पॉवर के कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय ने उपरोक्त उद्गार राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किए। इसके अंतर्गत आगामी सप्ताह में संयंत्र और आसपास के क्षेत्र में जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संयंत्र के औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा।

53वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर 4 से 10 मार्च तक जेएसपी के रायगढ़ संयंत्र में बड़े पैमाने पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के पहले दिन 4 मार्च को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत सुबह 8 बजे संयंत्र के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सब्यसाची बंद्योपाध्याय के नेतृत्व में सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें संयंत्र के अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। रैली में संयंत्र में बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति लोगों को जागरूक करने वाली जानकारियों से सुसज्जित सुरक्षा रथ भी साथ था। पोलो ग्राउंड से यह रैली पुराने क्लब हाउस मैदान पर जाकर सभा के रूप में समाप्त हुई। यहां ईडी बंद्योपाध्याय ने सुरक्षा ध्वज फहराकर राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने जीवन के हर पहलू में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति सुरक्षा संबंधी दिशा—निर्देशों के पालन को अपनी जिम्मेदारी समझकर इसे अपने जीवन में आत्मसात कर ले। उन्होंने कार्यस्थल पर विश्वस्तरीय सुरक्षा मानदंडों के अनुरूप कार्य करने के लिए सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि जेएसपी प्रबंधन हमेशा से सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है। इसे सुनिश्चित करना जेएसपी परिवार के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। उन्होंने सुरक्षा के संबंध में प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी जानकारी देते हुए सभी को प्रेरित करते हुए सुरक्षा शपथ दिलायी।

इससे पहले जेएसपी के औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के प्रमुख जितेन्द्र परिदा ने स्वागत उद्बोधन के साथ सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि ओएचएस विभाग द्वारा पिछले पखवाड़े से ही विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों और स्पर्धाओं का आयोजन इस तारतम्य में किया जा रहा है। सप्ताह के अंतर्गत कर्मचारियों के साथ ही गृहिणियों एवं बच्चों के लिए भी सुरक्षा जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संयंत्र के साथ ही आसपास के गांवों में भी विभिन्न कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि जेएसपी ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा सलाहकार एजेंसी डीएसएस प्लस की सेवाएं ली हैं और इसके तहत निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दौरान औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के मनोज पाल सिंह, कुमार रंजन, सीमांचल पंडा, रूपेंद्र साहू, विजय साहू, दीपक गणनायक, ब्योमकेश, कृष्णा बंजारे, रमेश सिंह, इच्छाप्रीत सिंह सहित विभाग की पूरी टीम की सहभागिता रही।

झांकी में दिखायी गयी सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानियां

सुरक्षा जागरूकता रैली के साथ ही झांकी के रूप में सुरक्षा रथ सजाया गया था। इसमें कारखाने में ऊंचाई पर होने वाले काम के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, सड़क सुरक्षा, गैस वेल्डिंग—कटिंग के दौरान सुरक्षा एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानियों की रोचक तरीके से जानकारी दी गयी। रैली में संयंत्र के सभी विभाग प्रमुखों के साथ ही अधिकारी—कर्मचारी, ठेकेदार और श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस वर्ष महिला कर्मचारियों ने भी बढ़—चढ़कर सुरक्षा जागरूकता रैली में हिस्सा लिया।

## कलेक्टर और एसपी ने लोकसभा चुनाव व्यवस्था हेतु किया स्थल निरीक्षण



**रायगढ़ संदेश | सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और एसपी पुष्कर शर्मा ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मंडी परिसर सारंगढ़ का निरीक्षण किया। कलेक्टर साहू और एसपी शर्मा ने तीन बड़े हाल, सामग्री वितरण, अन्य निर्वाचन सामग्री के रिकार्ड रूम हेतु हाल, मतगणना के दिन सुरक्षा के तीन स्तर पर बेरिकेटिंग, अधिकारी कर्मचारी, पॉलिटिकल पार्टी के कार्यकर्ताओं, पत्रकारों के आने जाने, जनरेटर, विद्युत, पेयजल आदि के संबंध में अधिकारियो के साथ मंडी परिसर के सभी स्थल का भौतिक निरीक्षण किए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा ने जिले के मतदान केंद्रों, विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर और एसपी को जानकारी दीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी, डीएसपी मनीष कुंवर, तहसीलदार आयुष तिवारी, रूपाली मेश्राम, कोमल साहू, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार, नगरपालिका सारंगढ़ के इंजीनियर उत्तम कंवर, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना आदि उपस्थित थे।

## पुलिस आरक्षक भर्ती में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि

**रायगढ़ संदेश | सारंगढ़ बिलाईगढ़**

पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ व्दारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के 5967 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वेबसाईट https://cgpolice.gov.in (सीजीपुलिस डॉट जीओवी डॉट इन) पर ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ है, जिसका ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 06.03.2024 (बुधवार) के रात्रि 11:59 बजे तक किया गया है।जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग की भर्ती में पुरुष अभ्यर्थी हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के अतिरिक्त एक बार के लिये 05 वर्ष की और छूट प्रदान किया है।" युवाओं को उम्र में 5 साल का छूट छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग व्दारा दिया गया है।

## ग्राम सोढ़का के भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब : पं.अशोक महाराज ने सुनाई संगीतमय कथा

**रायगढ़ संदेश | रायगढ़**

धर्म अध्यात्म और सुसंस्कारों की नगरी के रूप में प्रतिष्ठित रायगढ़ पश्चिम अंचल के ग्राम सोढ़का में दिनांक 26 फरवरी सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होकर 04 मार्च तक सप्त दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन पंडित अशोक महाराज ग्राम देवगांव सरिया की व्यासत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रतिदिन कथा व्यास पीठ से पंडित अशोक महाराज ने संगीतमय कथा वाचन के साथ भागवत कथा के गुढ़ रहस्यों और मानव जीवन के लिए संदेशों को बहुत ही सुंदर ढंग से वाचन करते हुए वर्तमान समय में भागवत कथा की महत्ता का बखान किया गया। पंडित अशोक महाराज ने अपने कथा के दौरान स्पष्ट किया कि भगवान की लीला और चरित्र को न समझने और अधुरा समझने वाले ही इसकी आलोचना और निंदा करते है। परंतु भागवत की कथा उनकी लीला और चरित्र के रहस्य को जनमानस के लिए उजागर करने के साथ साथ जीवन जीने की कला सीखाती है सन्मार्ग बताते हुए धर्म पथ पर चलने की प्रेरणा देती है।



अपने कथा वाचन की विशिष्ट शैली में पंडित अशोक महाराज ने भागवत कथा वाचन एवं गायन के साथ साथ धर्म के नाम पर चंदा का व्यवसाय करने वाले तथाकथित बड़े बड़े कथावाचकों और धार्मिक ठेकेदारों की आलोचना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के सीधे-साधे, सहज सरल और धार्मिक आस्था के नाम पर ठगे जाते है। उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ ज्ञान कला भक्ति और अध्यात्म के क्षेत्र में किसी से कम नहीं है जिसके लिए हमें बाहरी लोगों का मुंह ताकना पड़े।

26 फरवरी सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई भागवत कथा की पूर्णाहुति यज्ञ एवं सहस्त्रधारा, तुलसी बरसा के साथ 5 मार्च मंगलवार को होगा। कथा में प्रतिदिन ग्राम सोढ़का के महिला पुरुष बच्चों के साथ-साथ आसपास के आंचल से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने उपस्थित होकर भागवत कथा का रसास्वादन किया।

विदित हो की ग्राम सोढ़का की अधिकांश जनसंख्या शाकाहार एवं नशा शराब इत्यादि से मुक्त हैं इसके पीछे कारण है ग्राम में गायत्री परिवार का आध्यात्मिक चेतना कार्यक्रमइस ग्राम मेंसन 2001 में गायत्री मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधियों द्वारा हुई थी जहां प्रतिदिन सुबह शाम पूजा पाठ एवं साप्ताहिक यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न होता है।

## राजस्व प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण : कलेक्टर धर्मेश साहू

**रायगढ़ संदेश | सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लिया। कलेक्टर ने बैठक की शुरूआत में जिले में कार्यरत राजस्व अधिकारियों, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक पटवारी की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों की त्वरित निराकरण करें। रिकार्ड दुरूस्ती 24 घंटे में हो। राजस्व निरीक्षक (आरआई) अपने अधीनस्थ पटवारी के ऑनलाइन और उनके पास कार्यालयीन भौतिक दस्तावेज रिकार्ड को दुरूस्त कराएं।

कलेक्टर साहू ने कहा कि किसी भी राजस्व प्रकरण में आवश्यकतानुसार ही पेशी की तारीख दें। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी जो अधीनस्थ न्यायालय की जांच करते हैं वे जांच सही हो। जांच ऐसी होनी चाहिए कि जिससे व्यवस्था में सुधार हो। कलेक्टर साहू ने बैठक में सीमांकन, बटांकन, जाति, निवास, आय, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, डिजिटल हस्ताक्षर, अभिलेख शुद्धता, छुटे हुए खसरा, नक्शा विहीन खसरा, खसरा विहीन नक्शा, संयुक्त खातादार आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किए और निर्देश दिए कि सभी कार्य में आज के रिकार्ड और भविष्य में इस प्रकरण का निराकरण शीघ्र करके दें। इसी प्रकार कलेक्टर साहू ने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो कई वर्षों पहले से मृत हैं, तो उनका फौती नामांतरण का कार्य उस मृत के वारिसों का नही हैं, पटवारी का काम है कि वो उस मृत व्यक्ति का फौती नामांतरण कराए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, तहसीलदारगण उपस्थित थे।

## रायगढ़ को हरा भिलाई ने जीता कार्डिनल कप सीजन-7

❒ एक खिलाड़ी निश्चिततौर पर अच्छा नागरिक बनता है : राधेश्याम राठिया

❒ समाजसेवा से लेकर खेल सभी में बेहतर कर रहे कार्डिनल के युवा: विवेक रंजन सिन्हा

**रायगढ़ संदेश | रायगढ़**

कार्डिनल कप सीजन 7 का समापन शानदार तरीके से हुआ। फायनल मैच आखिरी ओवर तक गया और अंत तक रोमांच बना हुआ था जिसे भिलाई की टीम ने अंततः 5 विकेट से रायगढ़ को हरा दिया। 20 हजार से अधिक दर्शकों ने देर रात तक फ्लड लाइट टूर्नामेंट के फाइनल का लुत्फ उठाया। भीड़ इतनी थी कि दुर्गा चौक तक कार पार्क किये हुए थे और बाइक रखने तक की जगह स्टेडियम में नहीं थी।

कार्डिनल कप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा लोकसभा उम्मीदवार राधेश्याम राठिया, विशिष्ट अतिथियों में भाजपा के दिग्गज नेता व टूर्नामेंट के संरक्षक विवेक रंजन सिन्हा, भाजपा नेता नरेश पंडा, विकास केड़िया, सुरेंद्र पांडेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनायक पटनायक , सीएसपी अभिनव उपाध्याय, उमेश पाठक, शेखर कुर्रे आदि रहे। चक्रधरनगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर अतिथि होने के साथ ही स्टेडियम में अपनी पैनी नजर रख रहे थे।




भारतीय जनता पार्टी से रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार राधेश्याम राठिया पहली बार शहर के किसी बड़े कार्यक्रम में दिखे। कार्डिनल कप सीजन 7 के समापन अवसर पर वह मुख्य अतिथि थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि रायगढ़ स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को देखकर यह कहीं नहीं लगता कि रात के 10 बज रहे हैं। कार्डिनल कप राज्य स्तरीय टूर्नामेंट हैं जहां गांव-शहर के खिलाड़ी साथ मिलकर खेलते हैं और क्रिकेट खेल का आनंद लेते हैं। यही तो खेलो इंडिया है जिसको वृहद स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश में चलाया है। सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। एक खिलाड़ी निश्चित तौर पर एक अच्छा नागरिक बनता है जो अनुशासित रहता है।

**रात्रिकालीन टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मंच कार्डिनल कप: विवेक रंजन सिन्हा**

टूर्नामेंट के संरक्षक और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य विवेक रंजन सिन्हा ने पहले तो इस वृहद आयोजन के लिए कार्डिनल चार्जर्स को बधाई दी और फिर कार्डिनल रोटी बैंक द्वारा किये जा रहे समजिक कार्यों को बताया व उन्मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सिन्हा ने कहा कि जैसे-जैसे समय बीतते जा रहा है यह कार्डिनल कप और भव्य होता जा रहा है। इसकी सबसे खास बात यह है कि समिति ने रायगढ़ के सभी पूर्व और वर्तमान क्रिकेट खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा है। स्वस्थ माहौल में फ्लड लाइट टूर्मनेंट का इससे बड़ा मंच शायद ही पूरे प्रदेश में हो।

समापन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनायक पटनायक ने कहा कि खेल में हार जीत होते रहता है। सबसे महत्वपूर्ण है खेल भावना से खेलना। अगर टीमें यहां तक आती हैं तो बेहतर हैं और बड़े मैच में दबाव में निखरना ही अच्छे खिलाड़ियों की पहचान होती है। गांव-गांव क्रिकेट की दीवानगी चरम पर है पर वहां दिन में टूर्नामेंट होते हैं नाइट मैच बहुत कम होते हैं। कार्डिनल कप गांव-गांव में अपनी पठ रखता है और वहां से टीमें खेलने के लिए हमेशा आतुर रहती हैं। रायगढ़ स्टेडियम में इतना भव्य आयोजन वाकई काबिले तारीफ है।

**सीजन-8 होगा और भव्य-** कार्डिनल कप के अध्यक्ष अरूण उपाध्याय ने कहा कि टूर्नामेंट निर्वाविद और शांतिपूर्ण से संपन्न हो जाए यह आयोजन समिति चाहती है। स्टेडियम में उमड़ी भीड़ बताती है कि इस टूर्नामेंट को देखने दूर-दूर से लोग आते हैं। व्यवस्था बनाने में सहयोग के लिए जिला पुलिस व प्रशासन का धन्यवाद। कार्डिनल के हर एक कार्यकर्ता ने खूब मेहनत की है जिसके कारण आज यह सातवां सीजन भी संपन्न हुआ। टूर्नामेंट की सफलता के पीछे हमारे स्पांसर का सबसे बड़ा योगदान है। उन्हीं के सहयोग से हम टूर्नामेंट को भव्यता दे पाते हैं। अगली बार कार्डिनल सीजन -8 में निश्चिततौर पर इनामी राशि बढ़ेगी और टूर्नामेंट में कुछ नया देखने को मिलेगा।

## मेसर्स एस के एस. पावर जनरेशन में हुआ राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

**रायगढ़ संदेश | रायगढ़**

मेसर्स एस. के. एस. पावर जनरेशन (छत्तीसगढ़) लिमिटेड ग्राम-बिजकोट, दर्रामुड़ा संयंत्र परिसर में दिनांक 4 मार्च 2024 से 09 मार्च 2024 तक राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस / सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, इस तारतम्य में इस वर्ष 2024 की थीम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान केन्द्रित के साथ दिनांक 4 मार्च 2023 को संस्थान के विभिन्न विभागों के श्रमिकों द्वारा बैनर पोस्टर के साथ जय सुरक्षा के नारों के साथ सेफ्टी मार्च प्रारंभ कर फायर एण्ड सेफ्टी आफिस के पास कार्यक्रम स्थल तक श्रमिकों को जागरूक करते हुए पहुँचे। कार्यक्रम स्थल पर सभी श्रमिक एवं कर्मचारीगण तथा सभी विभाग प्रमुखों एवं महाप्रबंधक एच आर एवं एडमिन विभाग अमर सिंह की उपस्थिति में संस्थान के फायर एण्ड सेफ्टी विभाग प्रमुख एस.के. मनी द्वारा सेफ्टी ध्वज फहराया गया तथा उपस्थित सभी श्रमिकों, कर्मचारियों एवं विभाग प्रमुखों द्वारा सेफ्टी शपथ ग्रहण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सभी श्रमिक एवं कर्मचारीगण तथा सभी विभाग प्रमुखों को बैच लगाकर एवं सुरक्षा पुस्तिका का वितरण किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस एवं सप्ताह सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का दैनिक जीवन में महत्व के संबंध में सभी विभाग प्रमुखों ने बारी बारी से संयंत्र में सुरक्षा संस्कृति के प्रति जागरूकता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये जिसमें देवाशीष मोहापात्रा, दीपक झा, नवीन वर्मा, प्रमोद सिंह, आशीष बुधिया, राम आचार्यवर, रमाकांत डनसेना प्रमुख थे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर डेल्टा प्लस कंपनी द्वारा सुरक्षा पीपीई की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी जिसके बारे में अतथियों नें समझा। कार्यक्रम का संचालन अजित बाजपेयी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने वालों में रतन साहू, संजय चौधरी, मृगेन्द्र पाण्डेय, अजीत बाजपेयी प्रेम शंकर डनसेना, मुनेंद्र यादव, कुलदीप शर्मा, जगदीश पटेल, शोभा नायक, सनत डनसेना, लव पटेल, सहित मानव संसाधन विभाग एवं फायर एण्ड सेफ्टी विभाग के साथ साथ विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण प्रमुख थे।



## सारंगढ़ सर्किल में 4 आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 12 मार्च तक आमंत्रित

**रायगढ़ संदेश | सारंगढ़ बिलाईगढ़**

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सारंगढ़ परियोजना के ग्राम छातादेई, बोईरडीह, जेवरा और सेमरापाली में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए अंतिम तिथि 12 मार्च 2024 तक कार्यालयीन समय में आवेदन आमंत्रित किया गया है। इन सभी भर्ती के लिए परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना, गायत्री मंदिर के पीछे सारंगढ़ में आवेदन जमा किया जाना है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए योग्यता आठवी उत्तीर्ण निर्धारित है। इसी प्रकार आवेदिका को संबंधित गांव का निवासी होना चाहिए। गांव के मतदाता सूची में नाम दर्ज हो, निवास प्रमाण पत्र में सरपंच और सचिव का हस्ताक्षर होना चाहिए। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष तक होनी चाहिए। सभी दस्तावेज 8वी की अंकसूची, वोटर आईडी, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के फोटोकॉपी में स्वयं के हस्ताक्षर

# रायगढ़ की चार बेटियों ने प्रदेश स्तर पर लहराया परचम


## पत्र लेखन प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले के पांच प्रतिभागियों को प्रदेश में मिला शीर्ष स्थान


❒ राजधानी रायपुर डाक मुख्यालय में होगा सम्मान


**रायगढ़ संदेश | रायगढ़**


पत्र लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा अंतर्देशीय पत्र एवं लिफाफा पत्र श्रेणी के 18 वर्ष से कम एवं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। वर्ष 2023 -24 के लिए इस पत्र लेखन प्रतियोगिता का विषय " डिजीटल इंडिया फार न्यू इंडिया" रखा गया था जिसमें छत्तीसगढ़ परिमंडल के अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न संभाग से उक्त विषय पर पत्र आमंत्रित किए गए थे प्रदेश भर से हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

मुख्य पोस्टमार्टम जनरल छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर द्वारा विगत 1 मार्च को उक्त पत्र लेखन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के अंतर्देशीय पत्र लेखन में रायगढ़ के ही तीन प्रतिभागियों ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया है वहीं लिफाफा श्रेणी में बस्तर के प्रतिभागी को प्रथम स्थान तथा रायगढ़ डाक संभाग के प्रतिभागियों को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है इस प्रकार 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 6 में से 5 प्रतिभागी रायगढ़ जिला से ही है।









पत्र लेखन प्रभारी अधिकारी प्रवीण बंसल ने अवगत कराया है कि आगामी 11 मार्च सोमवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जय स्तंभ चौक के पास स्थित प्रधान डाक घर में विजेता प्रतिभागियों को नगद राशि का चेक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा जिसमें प्रथम पुरस्कार 25000 रू. द्वितीय पुरस्कार 10000 एवं तृतीय पुरस्कार के विजेता को 5000 रू. का चेक प्रदान किया जाएगा। पत्र लेखन प्रतियोगिता के साथ-साथ दीनदयाल स्पर्श योजना एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन के भी विजेता प्रतिभागियों को भी उक्त अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। विदित हो कि गत वर्षों में

**रायगढ़ जिले से ये रहे विजेता :** रायगढ़ के जिन प्रतिभागियों को प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है उसमें 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अंतर्देशीय पत्र लेखन के अंतर्गत के.एम.टी. कॉलेज की बी कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा बैकुंठपुर निवासी इस्मीत कौर बग्गा पुत्री - जीतेन्द्र पाल सिंह सनप्रित कौर प्रथम स्थान, कोतरा रोड रायगढ़ निवासी मनीष पटेल पिता भोजराम पटेल को द्वितीय स्थान एवं के.एम.टी.गर्ल्स कॉलेज बी.कॉम. तृतीय वर्ष की छात्रा ज्योति तलरेजा पुत्री - केशव जया तलरेजा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है वहीं लिफाफा वर्ग में बस्तर के मुकेश साहू प्रथम रहे जबकि रायगढ़ के.एम.टी. गर्ल्स कॉलेज की बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा अंशु सिंह पुत्री भृगुनाथ सिंह सीमादेवी सिह को दूसरा स्थान एवं कोतरा रोड रायगढ़ निवासी धनमती भोजराम पटेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। 18 वर्ष से नीचे आयु वर्ग में अन्र्देशीय पत्र लेखन में जांजगीर की आयुषी साहू प्रथम सक्ती जिला की चाहत पटेल द्वितीय एवं अनुशा गबेल को तृतीय स्थान व एवं लिफाफा पत्रलेखन में 18 वर्ष से नीचे आयु वर्ग में हर्षिता सलाम दंतेवाड़ा प्रथम , दिशा सिंह ध्रुव मुंगेली द्वितीय एवं अतुफा सलमान सिद्दीकी जगदलपुर तृतीय स्थान पर है।

# इलेक्टरल बॉन्ड गैर कानूनी

**अजय दीक्षित-**

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है उसने राजनैतिक दलों को इलेक्टरल बॉड से मिलने वाले चंदे को गैर कानूनी करार दिया है। असल में अनेक कम्पनियां सत्तारूढ़ दल को चन्दा तो देना चाहती हैं (और बदले में अपने लिए कुछ विशेष रियायतें चाहती हैं) परन्तु वह अपना नाम गोपनीय रखना चाहती हैं। प्राय: तो सत्तारुढ़ दल को ही सबसे ज्यादा चन्दा मिलता है।

सन् 2017-18 के वित्तीय वर्ष में तत्कालीन केन्द्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली इस स्कीम को लाये थे। इसके अन्तर्गत स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया साल में चार बार कुछ दिनों तक इलेक्टोरल बॉण्ड बेच सकती है। यह भी केवल कुछ ही निर्धारित शाखाओं पर। इस स्कीम के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी इन बॉण्डों को खरीद सकती है और फिर उसे किसी पार्टी को दे सकती है। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया को तो मालूम रहता है कि बॉण्ड किसने खरीदा है, परन्तु राजनैतिक दल जिसे यह प्राप्त होता है, वह नहीं जानता कि यह दान किसने दिया है। यूं अनौपचारिक रूप से कहा जाता है कि वह व्यापारिक कम्पनी सत्तारुढ़ दल को बतला देती है कि वह इतनी राशि का इलेक्टोरल बॉण्ड दे रही है। इससे वह जो तथाकथित लाभ जाती है उसका रास्ता खुला रहता है। वे तो कोई और राजनैतिक दल या कोई व्यक्ति या इलेक्शन कमीशन को कुछ भी मालूम होता था। अभी तक नगद चंदा मात्र बीस हजार रुपये ही दिया जा सकता है। कोई चाहे तो चेक से भी दान दे सकता है, तब सबको पता चल जाता है कि कौन किस पार्टी को कितना चन्दा दे रहा है। इलेक्टोरल बॉण्ड से गोपनीयता बनी रहती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गुप्त चंदा वोटर से विश्वासघात है। आदेश में कहा गया है कि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया अब तक जारी सभी इलेक्टोरल बॉण्ड किसने कब, कितने के खरीदे इसका विवरण तीन हफ्ते में इलेक्शन कमीशन को दें और इलेक्शन कमीशन को दें और इलेक्शन कमीशन से अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करें।

यह स्कीम लाते समय केन्द्रीय सरकार ने कम्पनी कानून और इनकम टेक्स आदि के नियमों में भी बदलाव किया था। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की खूब खिचाई की है। पहले घाटे वाली कंपनियां चंदा नहीं दे सकती थीं। इस स्कीम में किसी पर कोई प्रतिबंध नहीं रहा।

सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों से ज्ञात होता है कि अब तक 16,000 करोड़ के बॉण्ड स्क्चढ़्ढ ने बेचें हैं जिसमें से 6566 करोड़ रुपये का चन्दा भाजपा को मिला है। जनवरी 2024 तक 16518 करोड़ ग्यारह लाख रुपये के बॉण्ड बिके हैं। कहते हैं राजनैतिक दलों को जो चंदा मिला है उसमें आधे से ज्यादा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है, किसी-किसी क्षेत्रीय दल को तो 90त्न तक चंदा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है।

भाजपा को कुल चंदे का आधा हिस्सा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है। आर.बी.आई. के नियमों में भी बदलाव किया गया।

अब यह सारी सूचना वेबसाइट पर आ जायेगी तो पता चल जायेगा कि किस पार्टी को किस कम्पनी ने पैसा दिया है। विपक्ष का आरोप है कि अब यह खुलासा हो जायेगा कि अडानी के ग्रुप ने कितना पैसा भाजपा को दिया है ?। वहीं विपक्ष को डर है कि अब यह पता चल जायेगा कि भाजपा को नीचा दिखलाने के लिए किस कम्पनी ने पैसा दिया है। कुल मिलाकर यह वोटर की बड़ी जीत है और भारत के प्रजातंत्र की रक्षा सुप्रीम कोर्ट ही कर सकता है और सत्तारूढ़ दल या विपक्ष देश में प्रजातंत्र की रक्षा के लिए मात्र घड़ियाली आंसू बहाते हैं।

# समय के सर्वश्रेष्ठ उपयोग

***डॉ. नन्दकिशोर साह-***




हमारे शरीर में एक घड़ी होती है, जिससे बायोलॉजिकल क्लॉक कहा जाता है। यदि आप निश्चित समय पर निश्चित काम करने की आदत डाल लेते हैं, तो उस समय आपका शरीर और मन दोनों ही उस काम को करने के लिए पूरी तरह तैयार होते हैं। सूरज उगने से दो घंटे पहले उठें और सूरज डूबने के दो घंटे बाद सो जाएँ। जल्दी सोने से जब आप सुबह चार बजे उठते हैं, तो आपके पास समय ही समय रहेगा। यदि आपका पड़ोसी जल्दी उठना है तो आप उससे भी ज्यादा जल्दी उठे। क्योकि सुबह के एक घंटे में आप जितना काम कर लेते हैं, उतना दोपहर में तीन घंटों में हो पाता है। समय के सर्वश्रेष्ठ उपयोग में सबसे बड़ी दिक्क़त दूसरों की तरफ़ से आती है और सुबह में यह दिक्क़त सबसे कम होती है। सुबह मोबाइल का टेंशन भी नहीं रहता है। अख़बार भी देर से आता है। बच्चे भी प्राय: देर से उठते हैं। इसलिए आप पूरी एकाग्रता से काम कर सकते हैं। सुबह 10 बजे तक खुश रहेंगे, तो बाकी का दिन आपकी परवाह स्वयं कर लेगा।

समय बचाने के लिए आपको काम का सही समय चुनना होगा। जैसे ही आप कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करते हैं, वैसे ही बाधाओं की गुरुत्वाकर्षण शक्ति सक्रिय हो जाती है और आपको नीचे धकेलने लगती है। दूसरे लोग आकर आपके काम में विघ्न डालते हैं। हर अच्छे काम में बाधाएं हमेशा आती है। मेरी सलाह यह है कि अपने जीवन को 10 मिनट की इकाइयों में बांट दें ताकि निरर्थक गतिविधियों में न्यूनतम समय बर्बाद हो। आप अपने मिनट का ध्यान रखेंगे, तो घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे। आप 10 मिनट में बहुत कुछ कर सकते हैं। यह 10 मिनट अगर चले गए तो हमेशा के लिए चले जाएंगे।

हमारे पूर्वजों की जीवनशैली ज्यादा स्वस्थ थी, क्योंकि वे प्रकृति के क़रीब थे। प्रकृति की लय में कार्य करते थे। सुबह का वातावरण इतना पवित्र और शांत रहता था कि ऋषि-मुनि ब्रह्म मुहूर्त में भजन-पूजन करते थे। वे मुर्गे की बाँग के साथ उठते थे और चाँद निकलने पर सो जाते थे। इस तरह वे अपने शरीर को प्रकृति के सामंजस्य में रख रहे थे। आज आधुनिकता की होड़ में कृत्रिमता का माहौल इतना बढ़ चुका है कि प्रकृति से मनुष्य का सारा संपर्क ही टूट चुका है। रात को देर तक जागने से मनुष्य की प्राकृतिक लय ख़त्म हो जाती है और वह सुबह देर से उठता है। नतीजा यह होता है कि उसका हाज़मा खराब होता है, क़ब्ज़ की शिकायत रहती है, ताजग़ी और स्फूर्ति का अभाव होता है और दिन भर उसके शरीर में आलस भरा रहता है। व्यक्ति का मिजाज चिड़चिड़ा हो जाता है। छोटी-छोटी बात पर क्रोध व गुस्सा करता है।

जो लोग सोचते हैं कि उनके पास शरीर के व्यायाम के लिए समय नहीं है। उन्हें देर-सबेर बीमारी के लिए समय निकालना पड़ता है। व्यायाम तो एक निवेश है, जिसका आपको समय प्रबंधन के संदर्भ में कई गुना फल मिलेगा। एक तो इससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है, जिससे बीमारी के कारण आपका कीमती समय नष्ट नहीं होता। दूसरे, इससे आपके शरीर के साथ-साथ दिमाग में भी स्फूर्ति और चुस्ती आ जाती है। तीसरे आपका आलस दूर हो जाता है।

यदि आप पैदल चलकर व्यायाम कर रहे हैं, तो इसके लिए आपको दूरी और समय का सही सामंजस्य करना होगा। पचास मिनट में पाँच किलोमीटर घूमना आदर्श होता है। तीस मिनट में तीन किलोमीटर पैदल चलें और तीस मिनट में बाक़ी व्यायाम करें। पैदल चलने के लिए सही समय सूर्योदय के पहले रहता है, क्योंकि उस समय वातावरण में प्रदूषण नहीं होता है और ताज़ा ऑक्सीजन आपके फेफड़ों व दिमाग में पहुँचकर आपको ताजग़ी से भर देती है। रात को वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है, इसलिए आपका दिमाग़ कम चल पाता है। दिमागी काम के लिए रात का समय आदर्श नहीं होता है। आदर्श समय तो सुबह का ही रहता है, जब वातावरण में ऑक्सीजन से भरपूर रहता है। यकीन न हो, तो सुबह छह बजे और शाम को छह बजे उसी सडक़ पर घूमकर देख लें।

हम सुबह सबसे अच्छी तरह काम क्यों कर सकते हैं? एक कारण तो यह है कि उसे समय आराम कर लेने के बाद शरीर थका हुआ नहीं रहता है। दूसरा कारण यह है कि सुबह ऑक्सीजन ज्यादा रहती है। तीसरा कारण यह है कि उस वक्त हमारा पेट खाली होता है। पेट खाली रहने से दिमाग ज्यादा तेज चलता है। इसलिए हमें एक बार में ज्यादा भोजन करने से बचना चाहिए, ताकि हम पर आलस सवार नहीं हो सके। आलस वह मृत सागर है, जो सभी सद्गुणों को लील लेता है। जरूरत से ज्यादा भोजन करना, ज्यादा तला-भुना भोजन करने से आपकी ऊर्जा में कमी आ जाती है और आपकी एकाग्रता में बाधा आती है। आलस आप पर सवार हो जाता है। आलस मीठा होता है, लेकिन इसके परिणाम बेहद बेरहम होता हैं।

जो जल्दी सोता है, जल्दी उठता है। उसके पास स्वास्थ्य, पैसा और बुद्धि रहती है। सुबह देर से उठने पर आपके पास दूसरे कामों के लिए तो समय रहता है, लेकिन अपने लिए समय नहीं रहता। सुबह का पहला घंटा पूरे दिन की दिशा तय करता है। यह समय के सर्वश्रेष्ठ उपयोग की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए सुंबह जल्दी विस्तर छोडक़र लक्ष्य की अग्रसर होना चाहिए।

## संपादकीय

### चुनाव जीतने वालों पर दांव

'इम्तिहान में केंद्र पर वक्त से पहुंचने वाले छात्रों को इत्मिनान रहता है। उन्हें अकारण तनाव से बचने के लिए समय मिल जाता है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10वीं-12वीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को सहजता साधने का जो गुरु मंत्र दिया था, उसे उनकी पार्टी भाजपा ने लोक सभा के 195 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने में भी लागू किया है। चुनाव भी कड़ा इम्तिहान है। केंद्र पर पहले पहुंचने वालों के परफामेंस बेहतर होने की उम्मीद रहती है। ध्यान दीजिए कि भाजपा ने अपनी पहली सूची तब जारी की है, जब चुनाव की अधिसूचना तक जारी नहीं हुई है। ऐसा कर उसने अपनी तैयारी के मुकम्मल होने की आस्ति दी है। इस फ्रंट पर वह कांग्रेस समेत बाकी राजनीतिक दलों से काफी आगे है, जहां सीटों के नम्बर तय करने या शेयरिंग पर ही बातचीत अटक रही है। यहां उनसे भाजपा ने पहली बढ़त ले ली है। उसकी पहली सूची में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, झारखंड, असम, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, केरल आदि राज्यों के प्रत्याशी तय किए गए हैं। उन्हें चयनित करने का पहला ठोस आधार जातिगत समीकरणों के साथ-साथ सांसद के रूप में उनका प्रदर्शन ही रहा है। इस पर खरे न उतरने वाले, चाहे वे केंद्रीय मंत्री हों या सांसद, उनके टिकट काट दिए गए हैं। वंचितों में मीनाक्षी लेखी, रामेर तेली और जॉन बारला मंत्री हैं जबकि 34 मंत्रियों पर फिर से भरोसा जताया गया है। वहीं, 33 सांसद सूची से बाहर हैं। सबसे अधिक मध्य प्रदेश में सात निवर्तमान सांसदों को दोबारा मौका नहीं दिया गया है। दूसरी बात, सूची में विभिन्न नये क्षेत्रों के व्यक्तियों-मेयर, समाजसेवी, वकील (बांसुरी स्वराज) आदि-पर भरोसा किया गया है। शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से केंद्र में लाने की तैयारी है। कुछेक सांसदों के क्षेत्र बदल दिए गए हैं। इसके पीछे दृष्टिकोण यही है कि वे भाजपा की 400 पार वाली हैट्रिक दिला सकने की क्षमता रखते हैं। इसकी गारंटी वालों पर ही दांव लगाया गया है। इसी आधार पर आसनसोल से घोषित भोजपुरी सिनेमा के नायक पवन सिंह से उम्मीदवारी वापस कराई गई है। उनके बंगाली महिलाओं पर गाने आदि को देखते हुए जीतने की संभावना संदिग्ध थी। जब एक-एक बूथ अहम है, तो वहां सीट हारने का रिस्क कैसे लिया जा सकता है। यह उदाहरण इसकी संभावना जगाता है कि सूची में फेरबदल हो सकती है। कुछ नाम इनमें शामिल नहीं हैं, उन्हें कहीं और से प्रत्याशी बनाया जा सकता है। मीनाक्षी लेखी पंजाब से प्रत्याशी हो सकती हैं।




## चिंतन-मनन

### शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ। उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा।

उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीड़ितों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

# पिछली योजनाओं के सबक और छतों पर बिजली



पिछले हफ्ते मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। इस योजना में बिजली की पहुंच और देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता की पूरी गतिकी को बदल देने की क्षमता है। इस योजना के तहत सरकार 1 किलोवॉट प्रणाली के लिए लागत के 60 फीसदी तक और 2 से 3 किलोवॉट प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत के 40 फीसदी तक की केंद्रीय सहायता प्रदान करेगी, यह सहायता की ऊपरी सीमा होगी।

करीब 1 करोड़ घरों को शामिल करने की संभावना वाली इस योजना के लाभार्थियों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। सरकार का कहना है कि मौजूदा कीमतों के आधार पर देखें तो 1 केवी प्रणाली के लिए 30,000 रुपये और 3 केवी प्रणाली के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी बनती है।

एक कार्यान्वयन योजना से लैस, जिसमें एक तय राष्ट्रीय पोर्टल पर आवेदन करना और परियोजना को पूरा करने के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की आठ इकाइयों को नियुक्त करना शामिल है, नई सूर्य घर योजना पिछली योजनाओं के मुकाबले बेहतर लग रही है।

अगर सरकार ने सक्रियता से इनका समाधान नहीं किया तो पिछली योजना में जो मसले सामने आए वे इस बार भी असर डाल सकते हैं। यह कार्यक्रम मांग आधारित है, इसके लिए एक सरकारी पोर्टल पर आवदेन की जरूरत होगी, ऐसे में सवाल यह है कि सरकार जिस तरह के परिवारों को लक्षित कर रही है-ग्रामीण और/ या गरीब- क्या वे आवेदन करेंगे?

कई अक्षय ऊर्जा कंपनियों ने यह बात उठाई है कि राज्य जिस तरह से अपनी जनता को मुफ्त बिजली मुहैया करा रहे हैं, उसकी वजह से लोग रूफटॉप सौर प्रणाली को अपनाने से हिचकते रहे हैं। जब तक राज्य अपने बिजली सब्सिडी व्यवस्था की गहन समीक्षा नहीं करते, एक ऐसा कदम जो राजनीतिक वजहों से लंबे समय से सुधार से दूर रहा है, हालात में बदलाव नहीं आने वाला।

इसके अलावा सूर्य घर योजना के मुफ्त बिजली वाले हिस्से में यह माना गया है कि रूफटॉप सौर इकाइयां किसी ग्रिड से जुड़ी होंगी जो कि नेट मीटरिंग प्रणाली के जरिये घरों की अतिरिक्त बिजली खरीद लेगी। इसके कारगर होने के लिए दो मसलों का समाधान करने की जरूरत है। पहला यह है कि पहले से ही नकदी की तंगी से जूझ रही राज्यों की वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) सौर ऊर्जा को खरीदने के मामले में वित्तीय रूप से विवश ही रहेंगी।

कई डिस्कॉम को नेट मीटरिंग प्रणाली से नुकसान होने की आशंका है, क्योंकि पहले से ही उन्हें परिचालन पर निश्चित लागत को वहन करना पड़ रहा है और वे दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) के तहत बिजली उत्पादकों को अनुबंधित शुल्क का भी भुगतान करती हैं।


कई को यह आशंका है कि उपभोक्ताओं को रूफटॉप सौर संयंत्रों से बिजली खरीद के लिए भुगतान करने से उनकी लागत बढ़ जाएगी, खासकर इसलिए कि इस बिजली को दिन के उजाले में हासिल करना होगा, जब टैरिफ आमतौर पर ज्यादा होता है। इससे कीमत निर्धारण की दूसरी समस्या पैदा होगी, जो कि इस वजह से जटिल है कि सौर ऊर्जा का टैरिफ लगातार घट रहा है, यह भी एक वजह है कि जिससे डिस्कॉम सौर ऊर्जा उत्पादकों के साथ पीपीए पर हस्ताक्षर नहीं करना चाहतीं।

ये अड़चनें इस बात की व्याख्या कर सकतीं है कि आखिर क्यों रूफटॉप सौर कार्यक्रम ने, जो कि दिसंबर 2015 से ही चल रहा है, योजना को प्रोत्साहन देने के लिए कई बार बदलाव किए जाने के बावजूद खराब प्रदर्शन किया है।

दिसंबर 2023 तक देश में रूफटॉप सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता सिर्फ 11.08 गीगावॉट की थी, जबकि लक्ष्य 40 गीगावॉट का था। इस क्षमता का करीब 80 फीसदी हिस्सा वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं का था। अभी देश में बहुत कम करीब 6,00,000 घरों ने ही रूफटॉप सौर प्रणाली को अपनाया है। तो जब तक सरकार बिजली वितरण कंपनियों की आपूर्ति और कीमत निर्धारण जैसी संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं करती, तब तक 1 करोड़ घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।

# खेल : बीसीसीआई के फैसले से सुधरेगी घरेलू क्रिकेट


मनोज चतुर्वेदी




भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा घरेलू क्रिकेट को बचाने की खातिर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर करने के फैसले ने विवाद का रूप धारण कर लिया है।

बीसीसीआई के इस फैसले की तारीफ और बुराई, दोनों हो रही हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि घरेलू क्रिकेट लंबे समय से उपेक्षित रही है। प्रायः स्टार खिलाड़ी खाली होने पर भी इसमें खेलना पसंद नहीं करते जबकि उन्हें रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक ट्रॉफी जैसे घरेलू टूनामेंटों में खेलना चाहिए। इसके दो फायदे होंगे। पहला, स्टार खिलाड़ियों को देखने की चाहत में दर्शकों की नजर में इसका आकषर्ण बढ़ेगा; दूसरा, युवाओं को उनके साथ खेलने से सीखने को मिलेगा।

इस विवाद में सबसे पहले कूदने वाले पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान रहे। उनका कहना था कि श्रेयस और ईशान, दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और मुझे उम्मीद है कि दोनों जोरदारी से वापसी करेंगे। पर उन्होंने हार्दिक पांड ?ा के भी घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलने पर कांट्रैक्ट के ए वर्ग में रखे जाने को अनुचित बताया। बाद में बीसीसीआई ने हार्दिक मामले में अपनी सफाई दे दी। वह पीठ की तकलीफ की वजह से रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेलते, इसलिए उनका रणजी में नहीं खेलना गलत नहीं है। पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने इस फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि घरेलू क्रिकेट को बचाने के लिए बीसीसीआई को इस तरह का कदम बहुत पहले उठा लेना चाहिए था।

उन्होंने कहा, ह्यमैंने देखा है कि कुछ क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने को स्थापित कर लेने के बाद घरेलू क्रिकेट की अनदेखी करते हैं ह्ल इस पूरे विवाद की शुरूआत पिछले साल दिसम्बर माह से हुई। भारतीय टीम के दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर थी, बीच दौरे में ईशान ने अपने को टीम से छोड़ने के लिए कहा। बीसीसीआई को भी लगा कि शायद वह अपने को तैयार नहीं पा रहे हैं, इसलिए टीम से हटना चाहते हैं पर इसके पीछे की वजह शायद यह कही जा रही थी कि वह लगातार एकादश से बाहर रखे जाने से नाराज थे। अगर सच में उन्होंने इस कारण हटने का फैसला किया तो शायद उन्हें ही सबसे ज्यादा नुकसान होने वाला है। पहले दो टेस्ट में भरत का बल्ला नहीं चलने पर टीम प्रबंधन ने उनसे आगे देखने का फैसला किया। वह यदि टीम के साथ जुड़े रहे होते तो शायद आज ध्रुव जुरेल की जगह एकादश का हिस्सा होते। अब जुरेल ने काबिलियत साबित कर दी है और अब ईशान का टीम में आना आसान नहीं रहने वाला।

इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों में प्रदर्शन नहीं कर पाने पर श्रेयस को तीसरे टेस्ट की टीम में नहीं चुना गया। लेकिन तब ही खबर आई कि श्रेयस की पीठ में तकलीफ है, इस कारण वह बीसीसीआई के निदेशों के बावजूद रणजी ट्रॉफी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहे लेकिन इसी बीच वह अपनी आईपीएल टीम केकेआर के साथ आईपीएल की तैयारी करते नजर आए। वहीं ईशान भी रणजी मैचों में नहीं खेले और हार्दिक के साथ आईपीएल की तैयारी करते दिखे। शायद इस कारण बीसीसीआई को उन्हें केंद्रीय अनुबंध से बाहर करने का सख्त फैसला करना पड़ा। श्रेयस के बारे में यह भी कहा जा रहा है कि उनके रणजी में नहीं खेलने पर चयन समित ने एनसीए फिजियो से उनकी जांच कराई जिसमें वह फिट पाए गए। पर अब वह रणजी सेमीफाइनल में मुंबई के लिए खेलेंगे पर इसमें एक दूसरी स्टोरी भी है कि श्रेयस अपनी तकलीफ को दिखाने के लिए ही केकेआर कैंप गए थे। इसकी जानकारी मुंबई के कोच को भी थी। ऐसा है तो श्रेयस को करार से बाहर करना सही फैसला नहीं लगता।

पूर्व भारतीय कप्तान एवं बीसीसीआई के अध्यक्ष रह चुके सौरव गांगुली भी कहते हैं कि पहली बार हो रहा है कि कोई खिलाड़ी खाली होने पर रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेल रहा। हम लोग भी अंतरराष्ट्रीय ड ?टी से खाली होने पर घरेलू क्रिकेट में खेलते थे। श्रेयस और ईशान को तात्कालिक खमियाजा तो जून माह में होने वाले टी-20 विश्व कप की टीम से बाहर रहने के रूप में भुगतना पड़ सकता है। इसकी वजह अब आईपीएल के अलावा अन्य कोई क्रिकेट होनी नहीं है। दूसरी तरफ भारतीय टेस्ट टीम में यंग ब्रिगेड ध्रुव जुरेल, सरफराज खान ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया है। वहीं विराट कोहली और केएल राहुल की भी वापसी होगी। उस सूरत में इन दोनों के लिए टेस्ट टीम में स्थान बनाना मुश्किल हो सकता है। श्रेयस तो फिर भी रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खेल रहे हैं। उनके सामने अभी दो मैचों में धमाल मचाने का मौका है पर ईशान ने यह मौका भी खो दिया है। बेशक, ईशान और श्रेयस प्रतिभाशाली हैं, देर सबेर भारतीय टीम में वापसी करके केंद्रीय अनुबंध भी पा जाएंगे पर बीसीसीआई की सख्ती का फायदा जरूर होगा। अगले सीजन में घरेलू क्रिकेट में स्टार खिलाड़ियों को ज्यादा खेलते देखा जा सकेगा। ऐसा हुआ तो घरेलू क्रिकेट फिर लोकप्रिय हो सकती है।



# यूं छुड़ाएं बच्चे का अंगूठा चूसना

बच्चों का अंगूठा चूसना एक स्वाभाविक प्रवृति है, लेकिन शिशु जब बड़ा होने लगे, तो उसकी इस प्रवृत्ति पर नजर रखना बहुत जरूरी है अन्यथा वे किशोरावस्था आने तक अंगूठा चूसते रहते हैं। यदि आप चाहती हैं कि आपका बच्चा यह प्रवृत्ति छोड़े, तो आजमाइए ये टिप्स -

- बच्चे को किसी तरह का कोई तनाव न हो, इस बात का ध्यान रखें।
- शैशव अवस्था में शिशु को गोद में बिठाकर लाड़ प्यार करें।
- अपने शिशु को स्तनपान कराने में कोताही न बरतें। उसका स्तनपान धीरे-धीरे छुड़ाएं।
- बच्चे की उपेक्षा न करें और न ही उसमें किसी तरह का भय पनपने दें।
- बच्चे में सुरक्षा की भावना पैदा करें।
- मारें-पीटें नहीं और न ही उसके हाथ बांधें।
- यदि उसके मित्र अंगूठा चूसने वाले हैं, तो उनके साथ खेलने न दें।
- उसकी आवश्यकताओं, अपेक्षाओं और जरूरी मांगों को पूरा करें।
- बच्चे की बातों को अनसुनी न करें अपितु धैर्यपूर्वक और सहानुभूति से सुनें।
- यदि बच्चे में कोई हीन भावना व्याप्त हो तो उसे दूर कर उसका आत्मविश्वास बढ़ाएं।
- बच्चे को सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़ें और उसे व्यस्त रखें।
- उसे इस बात का अहसास कराएं कि अब वह बड़ा हो रहा है और बड़े बच्चे अंगूठा नहीं चूसते।
- यदि दिनभर में उसने अंगूठा नहीं चूसा, तो इसके लिए उसे शाबाशी दें।
- जब बच्चा अंगूठा चूस रहा हो तो, उसे आइना दिखाएं कि कितना भद्दा लग रहा है वह।

# घर के इन हिस्सों में बना सकते हैं ऑफिस



अपने घर के किसी एक खास हिस्से को ऑफिस में कन्वर्ट कर सकती हैं। सबसे पहले आपको देखना होगा कि घर में खाली स्थान कौन सा है। ऐसी जगह जो काम में नहीं आ रही। अगर आपका ऑफिस वर्क कुछ ही घंटों का है तो आप अपने स्टडी और लिविंग स्पेस में भी पार्टिशन कर सकती हैं। यदि आपका काम ज्यादा समय का है तो आपको घर में ही एक अलग स्थान की तलाश करनी होगी। आप अपने स्टोर रूम, गैरेज, घर के बेसमैंट या एक्स्ट्रा बॉलकनी को रैनोवेट करवा कर उसे ऑफिस की तरह यूज कर सकती हैं।

## फर्नीचर हो कम्फर्टेबल

घर में खोले जाने वाले ऑफिस का फर्नीचर कम जगह घेरने वाला और कम्फर्टेबल होना चाहिए। अपनी ऑफिस टेबल के लिए कांपैक्ट साइज के कंप्यूटर, की-बोर्ड और स्मार्ट चेयर का चुनाव करें। ऑफिस में सामान व्यवस्थित रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा अलमारियां और कैबिनेट होने चाहिएं। थोड़ी सी जगह खाली भी रहे, इस बात का खास ध्यान रखें। ऑफिस बनाने के लिए आपको एक ऐसे कमरे का चुनाव करना होगा, जहां आप डिस्टर्ब न हों। आप खुद को घर से अलग महसूस कर सकें और घर में होने वाली आवाजें आपके काम में दखल न डालें।

जीवन में आगे बढ़ना है तो आपको महत्वाकांक्षी तो होना ही होगा, परंतु वह इतना ज्यादा भी न हो कि आपके सही लक्ष्य के आड़े आ जाए। जीवन में छोटी-छोटी सफलताओं को प्रगति का पायदान बना लें, इससे आपको संतुष्टि मिलेगी और बड़ी सफलता भी एक दिन मिल ही जाएगी।



# अपने गुणों से न रहें बेखबर

चांदनी ने बचपन से ही इंटीरियर डैकोरेटर बनने का ख्वाब देखा था और उसने अपना ख्वाब पूरा भी किया। आज वह अपने छोटे से शहर में नंबर एक इंटीरियर डिजाइनर मानी जाती है, परंतु उसे इस बात का दुख है कि फैमिली के प्रतिबंध के कारण वह किसी बड़े शहर में अपनी पहचान नहीं बना सकी, जहां उसकी काबिलियत एक बड़े स्तर पर पहचानी जाती या नामी इंटीरियर्स की तरह उसके चर्चे भी समाचारपत्रों और मैगजीन इत्यादि में होते, जबकि उसके साथियों को वह मुकाम हासिल है। रचना साधारण रूप-रंग की है, परंतु अपनी लिखी कविताओं से वह दोस्तों और रिश्तेदारों में काफी प्रसिद्ध है। अपने साधारण रूप-रंग से उत्पन्न हुई कुंठा से उसने अपनी ही प्रतिभा को एक दायरे में सीमित कर लिया है। यहां तक कि वह किसी मुशायरे में बुलाने पर भी नहीं जाती कि लोग उसका मजाक उड़ाएंगे। जब लोग उसकी कविताओं की प्रशंसा करते हैं, तो उसे लगता है कि वह उसकी साधारण रंगत का मजाक उड़ा रहे हैं और वह अपने में और ज्यादा सिमट जाती है।

## शिकवा है ये झूठा

चांदनी और रचना दो उदाहरण हैं ऐसी लड़कियों की जो अपने करियर या पर्सनैलिटी को लेकर किसी न किसी हीन भावना में घिरी रहती हैं। ऐसी अनेक युवतियां हैं, जिन्हें जिंदगी से इस बात की शिकायत रहती है कि उनके हिस्से में सबसे ज्यादा परेशानियां और दुख आए हैं। वह कुछ और हो सकती थी, परंतु जिंदगी ने उन्हें वह मौका ही नहीं दिया।

## अपने अवगुण आते नजर

किसी दूसरे की तो बात ही छोड़ो, इन्हें अपने में अवगुण इतने ज्यादा नजर आने लगते हैं कि इनके साए सोच पर गहराने लगते हैं, क्योंकि अपने वे गुण जो इन्हें दूसरों से अलग बनाते हैं, इन्हें नजर नहीं आ पाते। जब यह सोच अपनी पैठ बना ले कि हमारा कोई काम ठीक से नहीं हो पाता, तो आप अपनी बात दूसरों के सामने कैसे रख पाएंगे या फिर नए आइडियाज कैसे आ पाएंगे। दूसरों की अपेक्षा अपनी ही आलोचना आपका मनोबल तो गिराती है और इससे प्रभावित होने लगते हैं हमारे आस-पास के लोग। इसके लिए जरूरी है कि वे शिकवे जो जिंदगी से लेकर अपने आप तक से हम किए बैठे हैं उन्हें दरकिनार कर अपनी क्षमताओं तथा विश्वास को पहचानें तथा उन्हें नए नजरिए से लोगों के सामने रखें। एक छोटे शहर में रहते हुए लोगों को इंटीरियर डैकोरेशन के महत्व से अवगत कराना अपने-आप में बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि बड़े शहरों के लोग तो पहले से ही इसे जानते हैं। या फिर रूप-रंग पर साहित्य का मुलम्मा जब चढ़ता है तो वह व्यक्तित्व को पहले से कहीं ज्यादा निखार देता है।

## पहचानें खुद को

अपनी खूबियों को पहचानें और यह सोचें कि सीमित साधनों में भी आप क्या कर सकती हैं। फिर भी आपको स्वयं में कोई कमी नजर आए तो हीन भावना का शिकार बनने की अपेक्षा अपना ध्यान खुद को अपडेट करने की तरफ लगा दें और अपने प्रोफैशन और रुचि के लिए नए-नए तरीके खोजें।

## महत्वाकांक्षा की लगाम न खींचें

जीवन में आगे बढ़ना है तो आपको महत्वाकांक्षी तो होना ही होगा, परंतु वह इतना ज्यादा भी न हो कि आपके सही लक्ष्य के आड़े आ जाए। जीवन में छोटी-छोटी सफलताओं को प्रगति का पायदान बना लें, इससे आपको संतुष्टि मिलेगी और बड़ी सफलता भी एक दिन मिल ही जाएगी।

## सफलता के मायने

बैंक बैलेंस और बड़ा-सा बंगला सफल होने की निशानी नहीं है बल्कि जिस प्रोफैशन में आप आई हैं, उसमें धीरे-धीरे बढ़ते हुए नाम कमा लेना ही सफलता के मायने हैं, क्योंकि इसने आपकी पर्सनैलिटी और आपके नाम को एक पहचान दी है। किसी भी करियर में सफल होने के लिए आप उससे जुड़ी नई जानकारियां हासिल करती रहें और यदि किसी कारणवश आप अपने प्रोफैशन से जुड़ी उच्च शिक्षा नहीं प्राप्त कर पाई तो अब एक बार फिर से उसके लिए प्रयास करें, ताकि आपकी उन्नति के रास्ते बन सकें। दुनिया में महान व्यक्ति वही माना जाता है जो विषम परिस्थितियों के बावजूद अपने जीवन को बेहतर बना सकता है। अपनी सोच को पॉजीटिव बनाएं।

## महके गुणों की खुशबू

यदि नकारात्मक टिप्पणी करने वाले लोग हैं, तो ऐसे लोग भी हैं जो आपकी खामियों के साथ खूबियों की भी तारीफ करना जानते हैं। ऐसे लोगों से दोस्ती करें जो जीवन के प्रति पॉजीटिव अप्रोच रखते हों, क्योंकि उनका साथ आपको भी आशावादी बनाएगा।

## सहेज लें मीठे पल

कभी किसी की कोई बात आपके मन को छू जाए, कोई प्रशंसा के मधुर बोल बोल जाए, कभी बड़ों का सहज ही आशीर्वाद मिल जाए या कोई उम्मीद से परे थैंक यू बोल जाए तो इन्हें डायरी में नोट कर लें। अपनी उपलब्धियां, यादें, रिश्तों की महक, जीवन के सुख-दुख और पेरैंट्स की डांट और प्रशंसा सब लिखें। जब जीवन में निराशा या कोई असफलता परेशान करे तो उसे पढ़ लें आपके होंठों पर मुस्कान ही नहीं आएगी, बल्कि कुछ कर दिखाने की प्रेरणा भी मिलेगी।

# विंटर में खाएं रोस्टेड आलू



**सामग्री** - छोटे आलू - 250 ग्राम उबले हुए, तेल - 2 टेबल-स्पून, तंदूरी मसाला - 1-1 टी-स्पून, चाट मसाला और लाल मिर्च पाऊडर, आधे नींबू का रस, स्वादानुसार नमक, गार्निशिंग के लिए हरा धनिया और प्याज के रिंग्स

**विधि** - तंदूरी मसाला, चाट मसाला, लाल मिर्च पाऊडर, तेल, नींबू का रस, काली मिर्च पाऊडर और नमक को मिला कर इसमें आलू को 4-6 घंटे के लिए मेरिनेट करें, फिर चिकनाई लगी सींक पर लगाकर ग्रिल कर लें। हरा धनिया व प्याज के रिंग्स से गार्निशिंग करके गर्म-गर्म सर्व करें।



# बच्चों को सिखाएं इज्जत करना

बच्चे अपने से बड़ों की बातों का बहुत जल्दी अनुकरण करते हैं। अगर आप झूठ बोलेंगे, घर में अपने से बड़ों का आदर नहीं करेंगे या लड़ाई-झगड़ा करते हुए अपशब्दों का प्रयोग करेंगे तो आपको ऐसा करते देख आपका बच्चा भी वही सीखने लगेगा। उदाहरणतः यदि आप अपने पेरैंट्स से ठीक व्यवहार नहीं करते तो कल आपका बच्चा भी आपके साथ वही सब कुछ करेगा। कुछ माता-पिता की यह भी आदत होती है कि वे तकरीबन हर छोटी से छोटी बात में भी अपने बच्चे का नुक्स निकालते रहते हैं, उन्हें रोकते-टोकते रहते हैं जो गलत है।

अगर आप सच में अपने बच्चों से इज्जत चाहते हैं तो उनकी सोच, भावनाओं, उनकी बातों और इच्छाओं का ख्याल रखना जरूरी है ताकि वे भी आपको समझ सकें। अक्सर ऐसा होता है कि पेरैंट्स अपने बच्चों की परीक्षा या किसी कॉम्पीटीशन के रिजल्ट को लेकर काफी उत्सुक होते हैं। जब वही परिणाम उनकी आशा के अनुरूप नहीं आता तो वे उन्हें बुरा-भला सुनाने लगते हैं। उनकी दूसरे बच्चों से तुलना भी शुरू कर देते हैं कि फलां का बेटा फर्स्ट आया है, हमने तुम्हें किस चीज की कमी रखी थी जो तुम कोई डिवीजन नहीं ला पाए।

आप बच्चों को डांटने की बजाय उनमें एक नया जोश जगाएं कि कोई बात नहीं, अगली परीक्षा में तुम जरूर अव्वल आओगे। इस प्यार भरे प्रोत्साहन से बच्चे पर जादू-सा असर होता है। अतः बच्चों में आपसी तुलना करने की बजाय उन्हें प्रोत्साहित करें। बच्चों में अच्छे संस्कारों का प्रसार करें क्योंकि संस्कार ही हमारी परम्पराओं को अभिव्यक्त करते हैं। चाहे कोई भी धर्म हो, सब में अपने से बड़ों का आदर और छोटों को प्यार की सीख दी जाती है।

उनमें कटुता और हिंसा जैसे विचार न पनपने दें। प्रायः जब बच्चे के करियर की बात आती है तो पेरैंट्स उसे अपनी पसंद का विषय चुनने की स्वतंत्रता अवश्य दें परन्तु उसका साथ देते हुए उस विषय से संबंधित वर्तमान-भविष्य की जानकारी भी उपलब्ध कराएं। उसे बताएं जो करियर उसने चुना है उसमें भविष्य की क्या संभावनाएं हैं। हर मां-बाप यही सोचते हैं कि पढ़ना बहुत जरूरी है चाहे उनके बच्चे की रुचि डांस या कला में हो।

अक्सर ऐसा सुनने को मिलता है कि जब देखो डांस करते रहते हो या ड्राइंग करते रहते हो, पढ़ाई कब करोगे? इससे अशांत होकर बच्चे किसी तरफ भी अपना मन नहीं लगा पाते और पेरैंट्स के प्रति वितृष्णा से भर जाते हैं। अतः उनकी रुचियों को जागृत करें व उस क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ने के लिए पूरा सहयोग दें जिसमें उनकी रुचि हो। कुछ पेरैंट्स की यह आदत होती है कि बच्चों को हमेशा डांटते-फटकारते रहते हैं और उनके कामों में नुक्स भी निकालते रहते हैं। इससे बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं और हमेशा कटे-कटे से रहते हैं।

ऐसे में उनकी अच्छाइयों को आगे लाते हुए प्रोत्साहित करें। बच्चों को जब भी डांटें, उसकी कोई ठोस वजह जरूर हो ताकि बच्चा भी समझ जाए कि वाकई उसकी गलती पर उसे डांट पड़ी है। सबसे गंभीर समस्या जो अक्सर परिवारों में देखने को मिलती है वह है बच्चों के माता-पिता घर में अपने बुजुर्गों का आदर और सेवा नहीं करते व उनके बारे में अनाप-शनाप बोलते रहते हैं। कई तो अपने बूढ़े मां-बाप को वृद्धाश्रम तक का रास्ता भी दिखा देते हैं।

जब बच्चे अपने घर में यह सब होता देखते हैं तो उनके कोमल मन पर इन बातों का बुरा प्रभाव पड़ता है। अपने माता-पिता की देखा-देखी में वे भी तमीज का दायरा तोड़ने लगते हैं। बात-बात पर ऊंचा बोलना, हरेक के आगे जवाब देना, मुंहफट और उग्र व्यवहार उनके व्यक्तित्व पर बिगड़ैल बच्चे का ठप्पा लगा देता है। ऐसे में पेरैंट्स को चाहिए कि वे अपने बुजुर्गों के प्रति उदार रवैया अपनाएं और उनके प्रति सम्मान दर्शाते हुए उनकी हर जरूरत का ध्यान रखें। अगर पेरैंट्स उपरोक्त बातों पर काबू पा लें और बच्चों के लालन-पालन में धैर्य और शांति रखेंगे तो हर काम सकारात्मक रूप से अच्छा होगा। बच्चों पर आपकी इन अच्छाइयों का प्रभाव यह होगा कि वे समझदार तो बनेंगे ही साथ में माता-पिता के रूप में आपको सम्मान पूरा देंगे।

# कल से शुरू होगी देहरादून से अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए हवाई सेवा

**देहरादून ।** आरएनएस



देहरादून से देश के तीन प्रमुख शहरों अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए सीधी हवाई सेवा को केंद्र की मंजूरी मिल गई है। तीनों सेवाओं का छह मार्च को शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री धामी ने तीनों सेवाओं की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार प्रकट किया है।

उद्घाटन दिवस पर देहरादून से अयोध्या के लिए विमान सुबह 9-40 बजे उड़ान भरेगा और पूर्वाह्न 11-30 बजे अयोध्या पहुंचेगा। उसी दिन अयोध्या से दोपहर 12-15 बजे उड़ान भरकर दोपहर 01-55 बजे देहरादून पहुंचेगा।

देहरादून-अमृतसर हवाई सेवा का विमान दोपहर 12 बजे अमृतसर से उड़ान भरेगा और दोपहर 01-10 बजे देहरादून पहुंचेगा। इसी प्रकार देहरादून से दोपहर 1-35 बजे अमृतसर के लिए उड़ान भरेगा और दोपहर 2-45 बजे अमृतसर पहुंचेगा।

वाराणसी के लिए वाया पंतनगर हवाई सेवा भी 6 मार्च से शुरू हो रही है। यात्री विमान प्रात: 9-50 बजे देहरादून से पंतनगर के लिए उड़ान भरेगा और 10-35 बजे पंतनगर पहुंचेगा। इसी प्रकार पंतनगर से 11-15 बजे वाराणसी के लिए उड़ान भरेगा और दोपहर एक बजे वाराणसी में उतरेगा। वाराणसी से विमान दोपहर 1.40 बजे पंतनगर के लिए उड़ान भरेगा और अपराह्न 3-25 बजे पंतनगर पहुंचेगा। पंतनगर से विमान अपराह्न 3-50 बजे उड़ान भरेगा और शाम 4-35 बजे देहरादून पहुंचेगा।

मुख्यमंत्री धामी तीनों स्थानों के लिए हवाई सेवा शुरू करने के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने से पूर्व उन्होंने केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से व्यक्तिगत रूप से अनुरोध करने के साथ ही पत्र भी लिखा था। मुख्यमंत्री ने कहा था कि देहरादून से अभी अयोध्या के लिए सीधी उड़ान सेवा उपलब्ध नहीं है। श्रीरामलला के दर्शन के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं, अयोध्या से देवभूमि के लिए हवाई सेवा शुरू होने से श्रद्धालुओं को उत्तराखंड की यात्रा में भी सुविधा होगी। इसी प्रकार देवभूमि की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री भी इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

# स्पेनिश महिला गैंगरेप केस : झारखंड हाई कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान, डीजीपी और मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली/रांची**

झारखंड के दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्पेनिश महिला के साथ हुए गैंगरेप केस पर स्वत: संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने राज्य के डीजीपी, मुख्य सचिव और दुमका के पुलिस अधीक्षक को हाजिर होने का आदेश दिया है. इन सभी से इस केस से जुड़ी रिपोर्ट पेश करते हुए जवाब दाखिल करने के लिए कहा गया है. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश चन्द्रशेखर और न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की खंडपीठ ने ये आदेश जारी किया है.

इस पर अगली सुनवाई हाई कोर्ट में सात मार्च को होगी. उस दिन झारखंड के मुख्य सचिव, डीजीप और दुमका के पुलिस अधीक्षक को पेश होना होगा. इससे पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पीड़िता को 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया. यह मुआवजा झारखंड विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के तहत दिया गया है. डीसी ए.दोड्डे, एसपी पीताम्बर सिंह खैरवार और पीडीजे अनिल कुमार मिश्रा की मौजूदगी में चेक पीड़िता के पति को सौंपा गया.

इस मौके पर एक स्पेनिश जर्नलिस्ट भी मौजूद थी. चेक लेने के बाद पीड़िता के पति ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताया. इस केस की जांच कर रही एसआईटी ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया. उन्हें रविवार को मेडिकल जांच के बाद जिला मजिस्ट्रेट सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश किया गया. वहां सुनवाई के बाद तीनों को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया. कोर्ट में विदेशी दंपति का बयान भी दर्ज हो चुका है.

इस केस की जांच एसआईटी और सीआईडी कर रही है. उसकी अगुवाई में घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के मकसद से रांची से एफएसएल की टीम भी पहुंची. वहां से पीड़िता की घड़ी बरामद की गई. गैंगरेप की ये वारदात दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमापहाड़ी पहाड़ी क्षेत्र में हुई है. यहां स्पेन की रहने वाली महिला अपने पति के साथ घूमने पहुंची थी. दोनों टूरिस्ट वीजा पर भारत आए हुए हैं. पाकिस्तान से बांग्लादेश होते हुए दुमका में पहुंचे थे.

यहां हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव में टेंट लगाकर रात को रुके हुए थे. उनको नेपाल जाना था. शुक्रवार की रात करीब आठ से दस लोग वहां पहुंचे और महिला के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया. इसके बाद रेप पीड़िता को पुलिस एस्कॉर्ट के साथ दुमका सदर अस्पताल लाया गया. प्राथमिक इलाज के बाद पीड़िता और उसके पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी थी.

पीड़िता ने पुलिस के सामने जो आपबीती सुनाई उसे सुनकर हर किसी का दिल दहल उठा. उसने बताया कि रात को सात लोग उसके टेंट में घुसे थे. उन लोगों ने पहले उन्हें जमकर मारापीटा. इसके बाद उनके हाथ पैर बांध दिए. पीड़िता महिला ने बताया, 'मुझे लग रहा था कि वो लोग उस रात मेरी हत्या कर देंगे, लेकिन भगवान की कृपा से मैं अभी भी जिंदा हूं.' उसका आरोप है कि आरोपियों 300 डॉलर, 11 हजार और एक डायमंड रिंग भी लूट ले गए.

# सनातन धर्म पर टिप्पणी करने वाले उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट की फटकार



**नई दिल्ली ।** आरएनएस

देश की शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म पर की गई टिप्पणियों को लेकर उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि आप कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं। आप एक मंत्री हैं। आपको ऐसी टिप्पणियों के नतीजे पता होने चाहिए। दरअसल, उदयनिधि सनातन धर्म को लेकर दिए बयान के चलते उनके खिलाफ दर्ज स्नद्ढक्रह्य को क्लब करने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, 'आपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है। आपको पता है कि आपने क्या कहा है। आपको नतीजों के बारे में पता होना चाहिए।' दरअसल उदयनिधि स्टालिन ने देश के विभिन्न हिस्सों मसलन यूपी, बंगलोर, पटना, जम्मू में दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़े जाने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले उन्हें हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी, लेकिन स्टालिन की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उन्हें ऐसी सूरत में 6 हाई कोर्ट जाना होगा। ये दोषी साबित होने से पहले एक तरह से सजा देना होगा।

## अपंग शरीर के साथ सात साल लड़ी कानूनी लड़ाई, सड़क हादसे की शिकार महिला को मिलेगा छह अरब का मुआवजा

**मैनहट्टन ।** 7 साल पहले हुए एक हादसे में पीड़ित महिला को 6 अरब रुपए बतौर मुआवजा दिया जा रहा है। महिला का नाम ऑरोरा ब्यूचैम्प है और उसे बस ने टक्कर मार दी थी। ये हादसा उस वक्त हुआ जब कैंसर पीड़ित महिला इलाज के लिए अस्पताल जा रही थी। सडक़ पार करते समय बस ने उक्त महिला को टक्कर मार दी, महिला बस में फंस गई जिसकी वजह से बस उसे काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। जूरी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हादसे ने महिला की पूरी जिंदगी पर असर डाला क्योंकि वह लकवे का शिकार हो गई थी। हादसे के बाद ऑरोरा ब्यूचैम्प ने ट्रांजिट एजेंसी के खिलाफ मुकदमा दायर किया और सात साल कानूनी लड़ाई लडऩे के बाद महिला के हक में फैसला सुनाते हुए सिटी जूरी ने एजेंसी को महिला को 72.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 6 अरब रुपए मुआवजा देने को कहा।

# लोकसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी को तगड़ा झटका, छह बार के विधायक तापस रॉय ने टीएमसी से दिया इस्तीफा

**कोलकाता ।** आरएनएस



तृणमूल कांग्रेस में दरारें तब और बढ़ गईं जब छह बार के पार्टी विधायक तापस रॉय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय के कमरे से बाहर आने के बाद अपने इस्तीफे की पुष्टि की, जिन्हें उन्होंने प्रोटोकॉल के अनुसार अपना इस्तीफा सौंपा।

तापस रॉय ने पुष्टि की कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित तृणमूल कांग्रेस के सभी संगठनात्मक पदों से भी इस्तीफा दे दिया है। हालाँकि, उन्होंने अपने भविष्य के कदम के बारे में कुछ नहीं कहा। इससे पहले रॉय के पार्टी छोडऩे की आशंका को भाँपते हुये राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु और एक अन्य बागी तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष सोमवार सुबह उत्तरी कोलकाता में उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें ऐसा करने से रोकने की कोशिश की।

हालाँकि, दोपहर 12.15 बजे के आसपास उनके सभी प्रयास बेकार साबित हुए। रॉय अपने आवास से बाहर निकले और विधानसभा के लिए रवाना हुए। वह दोपहर करीब 12.35 बजे विधानसभा पहुंचे और अपना इस्तीफा दे दिया।

विधानसभा के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुरू में ईडी पर हमले के मामले में सदन के पटल पर शेख शाहजहाँ का बचाव किया था, लेकिन वह पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के नगरपालिका भर्ती घोटाले के सिलसिले में उत्तरी कोलकाता में उनके आवास पर केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी के बारे में चुप रहीं। रॉय ने कहा, इससे मुझे बेहद दु:ख हुआ है।

रॉय ने सोमवार सुबह आरोप लगाया कि उनकी ही पार्टी का एक वर्ग उनके आवास पर हाल ही में छापेमारी के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने कहा, मैं 1996 से विधायक हूं। मैंने विधायक के रूप में इलाज खर्च का बिल आज तक नहीं लिया है। इसके बाद भी मेरे आवास पर ईडी की छापेमारी हुई। यह देखना होगा कि इसकी साजिश किसने रची।

यह पहली बार नहीं है कि रॉय ने अपनी ही पार्टी के नेतृत्व के एक वर्ग पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया है। जब 2 मार्च को उन्होंने ईडी पर इसी तरह के आरोप लगाए तो उन्होंने कोलकाता (उत्तर) निर्वाचन क्षेत्र के मौजूदा तृणमूल कांग्रेस सांसद सुदीप बंदोपाध्याय पर सीधे निशाना साधा।

# कर्ज को लेकर हुए विवाद के बाद उठाया खौफनाक कदम, एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने की खुदकुशी

**गडग ।** आरएनएस



कर्नाटक के गडग जिले के एक गांव में कर्ज को लेकर हुए विवाद के बाद दो महिलाओं सहित एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने आत्महत्या कर ली। यह घटना जिले के लक्ष्मेश्वर तालुक के गोनल गांव में हुई। मृतकों की पहचान 49 वर्षीय रेणुका तेली, उनके बेटे 22 वर्षीय मंजूनाथ तेली और रिश्तेदार 47 वर्षीय सवक्का तेली के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, ट्रैक्टर का लोन चुकाने को लेकर मां रेणुका और बेटे मंजूनाथ के बीच विवाद हुआ था। परिवार ने बैंक से 4 लाख रुपए का लोन लेकर ट्रैक्टर खरीदा था। झगड़े के बाद रेणुका तेली घर से निकल गई और ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला कि उनका बेटा मंजूनाथ उनका पीछा कर रहा था और मां को रोकने की कोशिश करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया।

मौतों की जानकारी मिलने के बाद मंजूनाथ की मौसी सकव्वा तेली ने घर पर फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर रही है।

# ईडी के सवालों का जवाब देने को तैयार हुए अरविंद केजरीवाल, 12 मार्च के बाद की मांगी तारीख

नई दिल्ली | आरएनएस

कथित शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आज पेशी के लिए बुलाया था। सीएम केजरीवाल ने आज भी पेशी पर जाने से इनकार कर दिया है। श्वष्ठ ने उनको आठवां समन जारी किया था। इससे पहले केंद्रीय एजेंसी उन्हें सात नोटिस जारी कर चुकी हैं, लेकिन वो किसी ना किसी वजह से उसके सामने पेश नहीं हुए। साथ ही साथ आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर आरोप लगाती आई है कि लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही है।

सीएम केजरीवाल ने ईडी के आठवें समन का जवाब देते हुए कहा कि ED का समन गैरकानूनी है, लेकिन फिर भी वह जवाब देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने 12 मार्च के बाद की कोई तारीख मांगी है। साथ ही साथ कहा है कि वह एजेंसी के सवालों का जवाब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देंगे।

इससे पहले सीएम केजरीवाल ने श्वष्ठ के समन को गैर जरूरी बताते हुए कहा था कि अगर कोर्ट इस संबंध में आदेश देगी, तभी वो श्वष्ठ के सामने पेश होंगे। केजरीवाल के पेश नहीं होने को लेकर ईडी ने कोर्ट का भी रुख किया है और कोर्ट ने मुख्यमंत्री को 16 मार्च को अपनी कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में अपनी व्यस्तता के कारण व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने में असमर्थता जाहिर करते हुए कोर्ट की कार्यवाही में भाग नहीं लिया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि के नेताओं ने 2021-22 की एक्साइज पॉलिसी से संबंधित कुल 100 रुपए करोड़ की रिश्वत ली, जिसे नवंबर 2021 में लागू किया गया था।

## ऑनलाइन पोस्ट देखकर ट्रेडिंग में झांसे में गंवाए 2.30 लाख

**देहरादून (आरएनएस)।** सोशल साइट पर ऑनलाइन ट्रेडिंग की पोस्ट देखकर एक व्यक्ति 2.30 लाख रुपये गंवा बैठा। धोखाधड़ी को लेकर आशीष उनियाल निवासी दर्शनीलोक अपार्टमेंट, देहराखास ने साइबर थाने में तहरीर दी। कहा कि फेसबुक पर शेयर ट्रेडिंग का विज्ञापन देखकर उसके लिंक के जरिए बीते दिसंबर में एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़े। उसमें करीब 180 लोग जुड़े हुए थे। वहां ट्रेडिंग के बारे में जानकारी लेनी शुरू की। लोग अपनी कमाई के स्क्रीन शॉट भी ग्रुप में शेयर करते थे। पीड़ित भी झांसे में आ गए। झांसे में आकर उन्होंने 2.30 लाख रुपये का निवेश वहां दी गई जानकारी और लिंक पर जाकर कर दिया। इसके बाद पीड़त को पता लगा कि यह साइबर ठगों का ग्रुप है। साइबर थाने में दी गई तहरीर पर पटेलनगर थाना पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बस्ती में चहलकदमी करते हुए पहुंचा दस फीट का मगरमच्छ

- सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ मेजा ददरी बांध में छोड़ा

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर ।** आरएमएस

जिले के हलिया थाना क्षेत्र के भटवारी गांव की पहाड़ी बस्ती में सोमवार की भोर में करीब दस फीट लंबा मगरमच्छ शपथमुनि कोल के घर के सामने चहलकदमी करते हुए पहुंच गया। कुत्तों के लगातार भौंकने और अगल बगल बांधे गए मवेशियों के छटपटाने पर गृहस्वामी शपथमुनि की नींद खुली तो देखा कि दस फीट लंबा मगरमच्छ घर के भीतर की ओर बढ़ता चला आ रहा है। मगरमच्छ को घर के भीतर आते देख गृहस्वामी के हाथ पांव फूल गए। परिजनों को जगाते हुए शोरगुल मचाते हुए घर से बाहर निकला। शोरगुल सुनकर बस्ती के लोग लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों ने मगरमच्छ के ऊपर बोरा फेंककर उसे घेर लिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पीआरवी और स्थानीय पुलिस ने बस्ती में मगरमच्छ के आने की वन विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन दरोगा अजय प्रकाश,वन रक्षक अरविन्द कुमार, नीटू शर्मा, शीतला बख्श सिंह, रामदास आदिवासी ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार सुबह सात बजे के करीब मगरमच्छ को पकडक़र ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर मेजा ददरी जलाशय में सुरक्षित छोड़ दिया है। वन विभाग द्वारा मगरमच्छ को पकडक़र ले जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन दरोगा अजय प्रकाश ने बताया कि मगरमच्छ संभवत: समीप स्थित अदवा नदी से निकलकर भटकते हुए बस्ती में पहुंच गया था। वन रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्र ने बताया कि मगरमच्छ को वनविभाग की टीम ने सुरक्षित पकडक़र मेजा ददरी बांध में छोड़ दिया है।

# कैफे में माउथ फ्रेशनर खाने के बाद पांच लोगों को खून की उल्टी, दो की हालत गंभीर

**नई दिल्ली**



गुरुग्राम के एक कैफे में खाना खाने के बाद कुछ लोगों का माउथ फ्रैशनर खाना बेहद तकलीफदेह साबित हुआ. भोजन के बाद पांच लोगों ने माउथ फ्रेशनर खाया और उसके बाद उन्हें खून की उल्टी होने लगी. साथ ही इन लोगों ने मुंह में जलन की शिकायत भी की. इन सभी पांचों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनमें से दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. पुलिस ने इस मामले में पीड़ितों की शिकायत के आधार पर कैफे मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

अंकित कुमार अपनी पत्नी और दोस्तों के साथ गुरुग्राम के सेक्टर 90 स्थित लाफोरेस्टा कैफे में थे. अंकित कुमार ने कैफे के अंदर की एक वीडियो रिकॉर्डिंग की है, जिसमें उनकी पत्नी और सभी दोस्त दर्द और परेशानी के कारण रोते और चिल्लाते दिखाई दे रहे हैं.

एक शख्स ने कैफे के फर्श पर उल्टी कर देता है और एक महिला उसके मुंह में बर्फ डालती है और बार-बार कहती है, "यह जल रहा है."

**लोगों से पुलिस को बुलाने की लगाई गुहार** - इसके बाद कुमार कहते हैं, "हमें नहीं पता कि उन्होंने (माउथ फ्रेशनर में) क्या मिलाया है. यहां हर कोई उल्टी कर रहा है. उनकी जीभ पर कट के निशान हैं. उनका मुंह जल रहा है. पता नहीं उन्होंने हमें किस तरह का एसिड दिया है." इसके बाद वह कैफे में मौजूद लोगों से पुलिस को बुलाने के लिए कहते हैं.

**पहले मुंह में जलन, फिर हुई खून की उल्टी** - रिपोर्टों के मुताबिक, पीड़ितों को सबसे पहले उनके मुंह में जलन महसूस हुई और उन्होंने उल्टी करना शुरू कर दिया. जल्द ही उन्हें खून की उल्टियां होने लगीं. मुंह को पानी से धोने के बावजूद भी उन्हें कोई मदद नहीं मिली.

# कूनो में चीतों का दीदार करने पाँच माह में पहुँचे चार हजार पर्यटक




**ग्वालियर ।** आरएनएस

नामीबिया और साउथ अफ्रीका से 70 साल बाद भारत की जमीन पर आए चीतों और उनके भारत में जन्मे शावकों को देखने के लिए पिछले साल अक्टूबर से अब तक 4211 पर्यटक ही पहुंचे हैं। पर्यटकों की यह संख्या तब है जबकि इस नेशनल पार्क में चीतों की मौजूदगी का प्रचार-प्रसार पुरजोर तरीके से किया गया।

इतनी हीनहीं यहां चीतों के दिखने की संभावना काफी ज्यादा है क्योंकि उनमें से कई को कैप्टिविटी में रखा गया है। यहां लगी टेंट सिटी में पिछल ढाई माह में 2500 पर्यटक आए हैं।

# श्रीरामलला धाम पहुंचे केंद्रीय मंत्री नारायण राणे

## सुगम दर्शन कर अभिभूत हुआ प्रतिनिधिमंडल

**अयोध्या ।** आरएनएस



भारत सरकार के एमएसएमई मंत्री नारायण राणे व उनके साथ उनका प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन करने पहुंचा।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचकर केंद्रीय मंत्री नारायण राणे व उनका परिवार और प्रतिनिधिमंडल सीधे अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि धाम पहुंचे,और प्रभु श्रीराम लला के सुगम दर्शन प्राप्त किया।

दर्शन उपरांत उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम के दर्शन करके हम धन्य हुए,हम बहुत भाग्यशाली हैं,जो हम प्रभुबके धाम पहुंचे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की साझा

केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने अयोध्या दर्शन को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स(ङ्ग) पर एक पोस्ट भी किया जिसमें उन्होंने लिखा कि देश विदेश में बसे सभी सनातनियों के लिए यह बेहद हर्ष का विषय है कि वर्षों पुरानी प्रभु श्री राम की पावन जन्मभूमि श्री अयोध्या धाम में भव्य मंदिर के निर्माण का सपना आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सफल नेतृत्व में साकार हो सका है।

अयोध्या में केंद्रीय मंत्री एन.राणे के साथ उत्तरप्रदेश बीजेपी के सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दूबे भी थे जिन्होंने प्रतिनिधि मंडल को सुगम दर्शन करवाया।

# कैंसर के बावजूद आदित्य मिशन में जुटे रहे इसरो चीफ, पूरा देश कर रहा सलाम

**नई दिल्ली ।** आरएनएस



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख एस सोमनाथ को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। खबर यह है कि जब आदित्य मिशन लांचिंग की तैयारी चल रही थी तब सोमनाथ को कैंसर होने का पता चला था। यह तथ्य एक एस सोमनाथ के साक्षात्कार में सामने आया। तब सोमनाथ को स्वास्थ्य संबंधी कुछ समस्याएं सामने आ रही थीं तब स्कैनिंग करवाई तो पता चला कि उन्हें कैंसर है।

उन्होंने कहा कि आदित्य मिशन के दिन ही उन्हें इस बीमारी का पता चला था। इससे वो और उनका परिवार दोनों परेशान हो गए थे। यह उनके परिवार और सहकर्मियों के लिए बड़ा झटका था। 2 सितंबर, 2023 को आदित्य-एल 1 लॉन्च किया गया था। जांच में पता चला कि उनके पेट में कैंसर है।

## मुख्य चयनकर्ता की नाराजगी श्रेयर को भारी पड़ी

**नई दिल्ली ।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अनुबंध से बाहर रखे गये के बाद से ही सवाल उठाये जा रहे हैं। वहीं बोर्ड का कहना है कि उनका नाम वार्षिक रिटेनरशिप पाने के लिए 30 खिलाड़ियों में शामिल करने की सिफारिश नहीं की गई थी। वहीं अब इसके कारणों का अनुमान लगाया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार अय्यर जब पीठ की समस्या के कारण बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से हटे थे तो यह मामला और भड़क गया था क्योंकि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उन्हें फिट करार दिया था। वहीं माना जा रहा है कि बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर इस बात से नाराज थे कि श्रेयस आईपीएल के लिए केकेआर की अकादमी में अभ्यास कर रहे थे। श्रेयस आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान हैं। मुख्य चयनकर्ता होने के कारण अगरकर ही केंद्रीय अनुबंधों को अंतिम रूप देते हैं। इस कारण अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से हटा दिया गया था। श्रेयस का प्रदर्शन पिछले साल हुए पुरुष एकदिवसीय विश्व कप 2023 में अच्छा रहा था। उन्होंने 11 मैचों में 530 रन बनाए थे जिसमें वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक भी शामिल था। वह पीठ की चोट से परेशान रहे थे पर विश्वकप में खेलने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की थी और अपनी फिटनेस हासिल की थी। अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में भी मौका दिया गया था लेकिन वह हैदराबाद में 35 और 13 का स्कोर ही बना पाए। इसके बाद विशाखापत्तनम में भी वह 27 और 29 रन बना पाए। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए भारत की टीम से बाहर कर दिया गया।

# टी20 विश्वकप में भारतीय टीम के 'ट्रंप कार्ड' साबित हो सकते हैं कुलदीप

**नई दिल्ली ।**

जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्वकप में चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव भारतीय टीम के लिए 'ट्रंप कार्ड' साबित हो सकते हैं। वर्ष 2018-19 के खराब प्रदर्शन और 2021 में घुटने की सर्जरी के बाद से ही कुलदीप ने प्रकार से शानदार वापसी की है। उससे उनका मनोबल भी बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीक्रिकेट में मार्च 2017 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले कुलदीप अब परिपक्व गेंदबाज बन चुके हैं। गेंदों की गति में लगातार बदलाव और विविधता के कारण उन्हें खेलना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं होता। वह विरोधी बल्लेबाजों को परेशान कर ज्यादातर बार विकेट हासिल करने में सफल होते हैं। गेंदबाजी के इसी कौशल ने कुलदीप को अलग पहचान दी है। उनकी गुगली पढ़ने में बेहतरीन बल्लेबाज भी विफल रहे हैं। सीमित ओवर के क्रिकेट में आज वह टीम इंडिया के भरोसेतंद स्पिनर हैं। अब तक के प्रदर्शन से इस गेंदबाज ने अपने लंबी रेस का घोड़ा साबित किया है। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में बाएं हाथ के इस कलाई के स्पिनर को टेस्ट क्रिकेट खेलने के सीमित मौके मिले हैं पर जब भी अवसर मिला, उन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभाव छोड़ा है। वनडे और टी20 में कुलदीप टीम इंडिया के वह अग्रगी स्पिनर हैं। एकदिवसीय विश्व 2023 के 11 मैचों में कुलदीप ने 28.26 के औसत से 15 विकेट लिए थे।



अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारुपों में पारी में पांच विकेट हासिल करने वाले देश के एकमात्र गेंदबाज हैं। पिछले एक साल में किए गए इस शानदार प्रदर्शन का फायदा कुलदीप को केन्द्रीय अनुबंध में से से बी ग्रेड मिला है। वहीं इसी माह होने वाले आईपीएल में भी कुलदीप पर सभी की नजरें रहेंगी। वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए अंतर पैदा करते नजर आएंगे। दिल ली कैपिटल्स ने 2022 में दो करोड़ रुपये की राशि में उन्हें अपने साथ जोड़ा था। आईपीएल 2022 में जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए इस चाइनामैन बॉलर ने 14 मैचों में 19.95 के औसत से 21 विकेट लिए थे लेकिन पिछला सीजन कुलदीप और उनकी टीम के लिए अच्छा नहीं रहा था। तब कुलदीप को 14 मैचों में 36.10 के औसत से 10 विकेट ही मिल पाए थे।

# चिली ओपन: फाइनल मुकाबले में सेबेस्टियन बेज ने एलेजांद्रो को हराया



**सैंटियागो,**

अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को 3-6, 6-0, 6-4 से हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 इवेंट और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब अपने नाम किया. इस खिताबी जीत के साथ 23 वर्षीय सेबेस्टियन बेज सोमवार को एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के बेस्ट 19वें नंबर पर पहुंच जाएंगे और अपने हमवतन फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को पीछे छोड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल कर लेंगे. रविवार को मिली जीत के साथ बेज ने दो हफ्ते तक अपना विजय रथ जारी रखा, जिसमें उन्होंने रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 और चिली ओपन जीता. बात अगर चीली ओपन फाइनल मुकाबले की करें तो टेबिलो ने तेज शुरुआत की और शुरुआती सेट अपने नाम कर लिया. हालांकि, बेज ने दमदार वापसी की और दो सेट लगातार जीते. बेज ने मैच के बाद कहा, मेरे मन में कई भावनाएं हैं. मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था. मैच बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे. मैच उतार-चढ़ाव से भरा था. इसलिए, मैं बस अपनी टीम के साथ इसका आनंद लूंगा क्योंकि हमने यहां आने के लिए और उच्च रैंकिंग हासिल करने के लिए कई वर्षों से संघर्ष किया है.



# गंभीर ने आईपीएल को सबसे कठिन लीग बताया

### जीत के लिए करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली ।**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को सबसे मुश्किल लीग बताते हुए कहा कि इसे जीतने के लिए उनकी टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अपनी कप्तानी में केकेआर को दो बार जीत दिलाने वाले गंभीर हाल ही में फ्रेंचाइजी में मेंटोर के तौर पर जुड़े हैं। गंभीर ने कहा कि आईपीएल मानकों के मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे करीब है और यह दुनिया की सबसे कठिन लीग है।

गंभीर ने कहा कि मैंने पहले दिन ही साफ कर दिया था कि ये लीग मेरे लिए एक गंभीर क्रिकेट है। यह बॉलीवुड के बारे में नहीं है, यह आपके बारे में नहीं है, यह पार्टी और अन्य चीजों के बारे में नहीं है। यह बाहर जाने और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बारे में है। मुझे लगता है कि यह दुनिया की सबसे कठिन लीग है क्योंकि यह उचित क्रिकेट है। यह शायद किसी भी अन्य लीग की तुलना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे करीब है और यदि आप एक सफल फ्रेंचाइजी के रूप में पहचान बनाना चाहते हैं, तो आपको क्रिकेट के मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। टीम को अपना पहला मुकाबला 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। इसमें केकेआर का लक्ष्य जीत से शुरुआत करना रहेगा।



उन्होंने टीम के प्रशंसकों की भी सराहना करते हुए उन्हें भावुक बताया है। गंभीर ने कहा कि केकेआर के पास बहुत भावुक प्रशंसक हैं। हमें उनके लिए ईमानदार होने की जरूरत है। हमें कोशिश करने की जरूरत है और शायद उनकी मुस्कुराहट पर वह खुशी लाने की जरूरत है क्योंकि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सबसे वफादार प्रशंसक कोलकाता के प्रशंसक रहे हैं।

# विश्व एथलेटिक्स में भारत की प्रियंका को मिला सातवां स्थान

**बीजिंग ।**

भारत की प्रियंका गोस्वामी ने चीन में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टूर में सातवां स्थान हासिल किया है। प्रियंका ने एक घंटे 29 मिनट और 48 सेकेंड का समय लिया। यह देश के बाहर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होने के साथ ही करियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ समय है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 2021 में 1:28:45 सेकेंड (राष्ट्रीय रिकॉर्ड) और 2023 में 1:28:50 सेकेंड का रहा था। इस प्रतियोगिता में पैदल चाल स्पर्धा की शीर्ष एथलीट शामिल रहीं थीं। इस एथलीट ने विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टूर में तीसरा व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं 20 किमी में वह सातवें स्थान पर रहीं। इसमें शीर्ष छह में पांच स्थान चीनी एथलीटों को मिले। इसमें एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता झेनजिया एमए ने 1:26:07 सेकेंड का समय निकलाकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं चीन की ही जियायु यांग 1:26:07 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि 2020 तोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता हांग लियू 1:26:47 सेकंड का समय निकाल कर तीसरे स्थान पर रहीं। गौरतलब है कि प्रियंका आगामी गोस्वामी पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए पिछले दो महीनों से ऑस्ट्रेलिया में कैनबरा के पास ऊंचाई पर बने ट्रेनिंग सेंटर में पैदल चाल कोच ब्रेंट वालेंस के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग ले रही थीं।




# मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर गार्डियोला की रणनीति अपनाएं स्टोक्स : वॉन

**लंदन ।**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि कप्तान बेन स्टोक्स को मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल क्लब के मैनेजर पेप गार्डियोला वाली रणनीति अपनानी चाहिये। वॉन के अनुसार भारतीय टीम के खिलाफ स्टोक्स की 'बैजबॉल रणनीति विफल रही है। इससे टीम के हाथों सीरीज निकल गयी है। ऐसे में उन्हें गार्डियोला की रणनीति बनानी चाहिये जिसमें कहा गया है कि किसी भी खिलाड़ी को अपने स्थान को हल्के में नहीं लेना चाहिए। गार्डियोला पिछले 15 साल में खेल के सर्वश्रेष्ठ मैनेजर बने हुए हैं। पूर्व कप्तान ने कहा कि कोच ब्रैंडन मैकुलम और स्टोक्स की आक्रामक रणनीति भारत के मौजूदा दौरे पर कारगर नहीं रही है। इंग्लैंड की टीम 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में 1-3 से पीछे है जबकि उसने पहला टेस्ट हैदराबाद में जीता था।

वॉन ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों के रवैये पर भी सवाल उठाए हैं। साथ ही कहा कि कि उन्हें जिम्मेदारी से खेलना होगा। उन्होंने कहा , मैं आमतौर पर गार्डियोला के रवैये का जिक्र करता हूं।

मेरी नजरों में वह इस पीढ़ी और आप कह सकते हैं कि पिछले 15 साल से खेल के सबसे बेहतर मैनेजर हैं। वह अपने खिलाड़ियों को कभी भी सहज नहीं होने देते। वह हमेशा उन्हें सोचते रहने देते हैं क्योंकि खिलाड़ी जानते हैं कि उनकी जगह पक्की नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर उनके जैसा मैनेजर सभी खिलाड़ियों को सतर्क बनाए रखता है तो इंग्लैंड क्रिकेट टीम को भी इस तरह सहज नहीं होना चाहिए जैसी वह लगती है। उन्होंने कहा कि पूरा बल्लेबाजी लाइन अप पहले ही जानता है कि इस दौरे पर वे अगले मैच में भी खेलेंगे पर ऐसा नहीं होना चाहिये।

इस दौरे के बाद हैरी ब्रुक वापसी कर लेगा। वह 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करेगा। वॉन ने साथ ही इंग्लैंड की चयन नीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चयन में खिलाड़ियों की निरंतरता से उन्हें सहज बनाना सही है पर अगर उससे हार मिल रही है तो बदलाव भी जरुरी है।




## संक्षिप्त समाचार



## न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ओरूर्के टेस्ट से बाहर हुए , सीयर्स शामिल

**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओरूर्के चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाले दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। ओरूर्के की मांसपेशियों में खिंचाव आया है। अब उनकी जगह पर बेन सीयर्स को टीम में शामिल किया गया है। सीयर्स ने न्यूजीलैंड की ओर से अभी तक 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं पर अभी तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में होने वाले टेस्ट मैच से वह टेस्ट डेब्यू करेंगे। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे भी चोटिल होने के कारण पहले ही टीम से बाहर हो गये थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में उनके अंगूठे में चोट लग गई थी जिसके लिए उनकी सर्जर होगी। इस कारण वह कम से कम आठ सप्ताह तक खेल से दूर रहेंगे। वहीं न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने बताया कि ओरूर्के करीब एक माह तक मैदान से बाहर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सीयर्स ने अपने प्रदर्शन से अब तक सभी को प्रभावित किया है। स्टीड ने कहा, ' स्टोक्स अच्छे कौशल वाला युवा गेंदबाज है। वह अच्छी गति से गेंदबाजी करता है और उसे अच्छी उछाल मिलती है जो टेस्ट क्रिकेट में बेहद अहम होती है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीत कर सीरी में पहले ही 1-0 की बढ़त ली हुई है।

## महिला प्रीमियर लीग : लैनिंग के अर्धशतक से गुजरात जायंट्स को हराकर शीर्ष पर पहुंची दिल्ली कैपिटल्स

**बेंगलुरु ।** कप्तान मेग लैनिंग के शानदार अर्धशतक के बाद जेस जोनासेन और राधा यादव की अच्छी गेंदबाजी से महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट के 10वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को 25 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स बेहतर नेट रन रेट के आधार पर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लैनिंग ने 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाकर 55 रन बनाये। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 163 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात जाइंट्स 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रन ही बना पायी। जोनासेन और राधा ने तीन-तीन विकेट लिए। दिल्ली के अब चार मैचों में छह अंक हैं, जो मुंबई इंडियंस के समान है पर दिल्ली कैपिटल्स के 1.251 की तुलना में उनका स्कोर 0-402 कम है। वहीं यूपी वारियर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के चार-चार अंक हैं और वे तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस सभी मैच हारने के कारण शून्य अंकों के साथ सबसे निचले स्थान पर है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लैनिंग ने दिल्ली कैपिटल्स की पारी को संभाला क्योंकि तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा 13 रन बनाकर आउट हो गयीं थीं। इसके बाद लैनिंग और एलिस कैप्सी ने दूसरे विकेट के लिए 38 रन बनाये। मेघना 27 रन बनाकर आउट हुई। जेमिमा रोड्रिग्स भी इस मैच में विफल रही। वहीं गुजरात टाइटंस की ओर से मेघना ने 4 जबकि एशले गार्डनर ने 2 विकेट लिए।

## आईपीएल 2024 : सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे कमिंस

**नई दिल्ली ।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17 सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टीम का नया कप्तान बनाया है। सीएसके ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कमिंस को कप्तान बनाये जाने की बात सार्वजनिक की है। वहीं गत दो सत्र में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्कराम टीम के कप्तान थे पर वह टीम को जीत नहीं दिला पाये। आईपीएल 2023 सत्र में टीम 14 मैचों में से केवल चार मैच ही जीत पायी थी। वहीं कमिंस की कप्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम का प्रदर्शन बेहतरीन रहा था। टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अलावा एशेज और एकदिवसीय विश्वकप भी जीता जिससे कमिंस की नेतृत्व क्षमता साबित हुई है। यह पहली बार होगा जब कमिंस आईपीएल में किसी टीम की कप्तानी करते हुए दिखेंगे। वह डेविड वार्नर के बाद हैदराबाद के कप्तान बनने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई भी बन गए जिन्होंने 2015 से 2021 तक 67 मैचों में फ्रेंचाइजी का नेतृत्व किया। पिछले साल दुबई में आईपीएल नीलामी में कमिंस को फ्रेंचाइजी ने 20.5 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वह लीग के इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे। कमिंस इससे पहले आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रहे हैं। आईपीएल 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।




## शार्दुल ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में छक्का लगाकर शतक पूरा किया

**नई दिल्ली ।**

टीम इंडिया से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने रणजी ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में तमिलनाडु के खिलाफ शानदार शतक लगाया है। ये शार्दुल के करियर का पहला शतक है। शार्दुल ने छक्का जड़कर अपना शतक पूरा करने के बाद अपने ही अंदाज में जश्न भी मनाया। शार्दुल ने 9वें नंबर पर उतरकर 13 चौके और 4 छक्के लगाकर 104 गेंदों पर 109 रन बनाए। शार्दुल ने शतक लगाने के बाद हवा में उछलकर मुक्का मारा और अपनी टीम के ड्रेसिंगरूम की ओर उंगली दिखाई। मुम्बई टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी ताली बजाकर उनके शतक की खुशी मनायी। शार्दुल ने पहले गेंदबाजी में 2 विकेट लिए और उसके बाद जबरदस्त बल्लेबाजी की। वहीं पहली पारी में उन्होंने 2 विकेट भी लिए थे। इस मुकाबले में मुम्बई ने तमिलनाडु को पहली पारी में 146 रन पर आउट करने के बाद अपनी पहली पारी में 9 विकेट पर 353 रन बना लिए थे। इस प्रकार मुंबई की बढ़त 207 रन पहुंच गयी है। टीम को बड़ी बढ़त दिलाने में शार्दुल की अहम भूमिका रही। शार्दुल का कहना है कि उनकी नजर अभी टीम इंडिया में वापसी पर नहीं है। अभी वह रणजी ट्रॉफी के बाद आईपीएल पर ध्यान देंगे। शार्दुल ने अबतक 11 टेस्ट , 47 एकदिवसीय और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। दिसंबर में उन्होंने अंतिम बार दक्षिण अफ्रीक के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं।



## पाटीदार को अभी अवसर दिये जाने के पक्ष में हैं डिविलियर्स

**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसे अभी और अवसर दिये जाने चाहिये। रजत ने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक तीन टेस्ट खेले हैं। जिसमें वह विफल रहे हैं जिससे ये आशंकाए लगायी जा रही हैं कि उन्हें अब आगे शायद ही जगह मिले। वहीं डिविलियर्स का कहना है कि रजत आखिरी टेस्ट में भी शामिल किये जा सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा अगर पाटीदार का प्रदर्शन आकर्षक है और अगर वह ड्रेसिंग रूम में एक पसंदीदा खिलाड़ी है, तो रोहित और चयन समिति के पास यह कहने की क्षमता होगी कि हमें विश्वास है कि इस खिलाड़ी का भविष्य अच्छा है और हम उसे टीम के एक हिस्से के रूप में देखते हैं। टीम आगे बढ़ रही है। भले ही वह रन नहीं बना रहा हों उन्हें थोड़ा लंबे समय तक खेलने का मौका दो। वहीं अब माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन भी पाटीदार को एक और अवसर दे सकता है क्योंकि उनको इस खिलाड़ी की प्रति पर काफी भरोसा है। प्रबंघन का मानना है कि एक बार उनके बल्ले से रन आ गए तो वह अपने असली रंग में नजर आएंगे। रजत का प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल के पिछले सत्रों में काफी अच्छा रहा है।



# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के प्रकरण का बैंक प्राथमिकता से करें निराकरण- सीईओ यादव

## समिति के समक्ष 13 आवेदकों के प्रकरण पाए गए उपयुक्त

**रायगढ़ संदेश । रायगढ़**

सीईओ जिला पंचायत एवं समिति के उपाध्यक्ष जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना 2023-24 के अंतर्गत टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। सीईओ जिला पंचायत यादव ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के उपस्थित हितग्राहियों से व्यापार के कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी बैंकों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना जैसे हितग्राही मूलक योजनाओं के लोन प्रकरण का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त 22 आवेदनों में समिति के समक्ष 13 आवेदक उपस्थित हुए, जिनका साक्षात्कार लिया गया। समिति ने इन 13 आवेदकों के प्रकरण बैंक शाखाओं को भेजे जाने के लिए उपयुक्त पाया गया। जिसमें किराना दुकान, फैंसी स्टोर, इलेक्ट्रानिक व इलेक्ट्रीकल स्टोर, कपड़ा दुकान, कम्प्यूटर सर्विस, दोना उद्योग व ब्यूटी पार्लर की इकाईयां स्थापित करने वाले प्रकरण थे।





इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर महेश पटेल, मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ संजीव सुखदेवे, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, जिला रोजगार अधिकारी, प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज, प्राचार्य आईटीआई, मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र उपस्थित रहे।

**योजनान्तर्गत विभिन्न इकाईयों के स्थापना हेतु प्राप्त कर सकते है ऋण**

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना हेतु जिन आवेदकों की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य (अजा/अजजा/अपि वर्ग/महिला/नि:शक्तजन/नक्शल प्रभावित/सेवानिवृत्त सैनिक की आयु में 5 वर्ष की छूट)की पात्रता है। इन योजनाओं के अंतर्गत आवेदन दो प्रतियों में जमा कर सकते है। योजना अंतर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत निर्माण/उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाई हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख है। लाभार्थी को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उद्योग एवं सेवा परियोजना में स्वीकृत ऋण पर लगने वाला बैंक गारंटी शुल्क तथा आगामी 4 वर्षो के लिए अधिरोपित वार्षिक सेवा शुल्क का भुगतान शासन द्वारा दिया जाएगा। नियमानुसार ब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुआ है इस योजना में पात्रता नहीं होगी।

# पेयजल सर्वेक्षण के लिए रायगढ़ को राष्ट्रपति मुर्मू प्रदान करेंगी राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायगढ़ संदेश । रायगढ़**

रायगढ़ जिले के लिए गर्व का विषय है। रायगढ़ को पेयजल सर्वेक्षण के लिए राष्ट्रीय पुरुस्कार मिलने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय पुरुस्कार प्रदान करेंगी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, महापौर नगर निगम रायगढ़ श्रीमती जानकी काटजू, सचिव, नगरीय प्रशासन व विकास विभाग बसवराजू एस, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी पुरुस्कार ग्रहण करेंगे।



आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने प्रदान किए जाने वाले पहले पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कारों की घोषणा की है। जहां शहरों और राज्यों को जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया जाएगा। शहरों और राज्यों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए 130 पुरस्कारों को प्रदान किया जाएगा। ये पुरस्कार प्रतिष्ठित पेयजल स्वर्ण, रजत और कांस्य सिटी पुरस्कारों से लेकर विभिन्न श्रेणियों में हैं। जहां संबंधित जनसंख्या श्रेणियों (1 से 10 लाख, 10 से 40 लाख और 40 लाख से अधिक) में पुरुस्कार किया दिया जायेगा।

# राज्य में 122.98 लाख मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीदी की जा चुकी है। कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 127 लाख 99 हजार 173 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 122 लाख 98 हजार 574 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।



# एक किलो गांजे के साथ महिला गिरफ्तार, किराना दुकान पर गांजा बेचने की सूचना पर पुलिस ने की कार्यवाई

**रायगढ़ संदेश । रायगढ़**



पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम तुमीडीह महुआ चौक में दिनांक 03/03/2024 को रजनी चौहान नाम की महिला से 01 किलो 10 ग्राम गांजा जप्त किया गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि तुमीडीह महुआ चौक में रजनी चौहान नाम की महिला अपने किराना दुकान में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु रखी है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ के साथ दुकान पर छापेमार कार्यवाही किया गया, जहां महिला के कब्जे में रखे एक झोला के अंदर प्लास्टिक पॉलिथीन में करीब एक किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 10,500 रूपये रखा मिला। महिला रजनी चौहान ( उम्र 34 वर्ष) साकिन डोंगामहुआ थाना तमनार हाल मुकाम महुआ चौक तुमीडीह थाना पूंजीपथरा द्वारा गांजा दुकान में चोरी छिपे बेचना स्वीकार किया गया है। आरोपिया के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई किया गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के हमराह कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक विनित तिर्की, आरक्षक उमाशंकर भगत, महिला आरक्षक प्रभावित पुष्पा कुजूर शामिल थे।

खरसिया गोली कांड

# आप पार्टी के पूर्व नेता ने युवक को एयरगन से मारी गोली पुलिस ने महज 10 घंटे में आरोपी को किया गिरफ्तार

**रायगढ़ संदेश । रायगढ़**

संजय नगर, खरसिया में दिनांक 04/03/24 को क़रीब 12 बजे आपसी विवाद को लेकर आरोपी आम आदमी पार्टी नेता अमर अग्रवाल द्वारा एयर गन से संजय नगर निवासी गोपालगिरी पर हमला किया गया जिससे उसके सर के पीछे चोट आई। आहत को रायगढ़ रेफर किया गया है जिसकी स्थिति अभी सामान्य है। मामले का संज्ञान लेते हुए अपराध क्रमांक 134/24 धारा 294,307,506 IPC, 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले में विशेष टीम गठित कर आरोपी की पतासजी प्रारंभ किया गया। जाँच क्रम में मालूम हुआ की आरोपी दिल्ली भागने का प्लान बना रहा है। मामले में रायगढ़ पुलिस एवं रायपुर क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी को रायपुर एयरपोर्ट से गिरफ़्तार किया गया।



मिली जानकारी के अनुसार आपसी जमीन विवाद के चलते आप पार्टी के 2019 में खरसिया विधानसभा प्रत्याशी पूर्व आम आदमी पार्टी नेता अमर अग्रवाल ने बीजेपी कार्यकर्ता गोपाल गिरी नामक शख्स पर एक के बाद एक एयरगन से तीन फायर कर दिये और इस फायरिंग की घटना से गोपाल मिरी बुरी तरह घायल हो गया है। इस दौरान आप पार्टी के पूर्व नेता अमर अग्रवाल मौके से फरार हो गया है। गंभीर रूप से घायल गोपाल गिरी को खरसिया अस्पताल में लाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रायगढ़ रेफर किया गया है। घटना के बाद खरसिया पुलिस पूरे मामले की जांच करते हुए आरोपी की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी हो जाएगी।



**पूर्व मंत्री उमेश पटेल घायल का हाल जानने पहुंचे मेडिकल कॉलेज रायगढ़**

वहीं घटना की जानकारी मिलने पर खरसिया विधायक पूर्व मंत्री उमेश पटेल मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ पहुंच कर घायल का हाल-चाल जाना डॉक्टर से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली एवं परिजनों से बात कर घटना के संबंध में जानकारी ली।

# 69.4 लाख राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन



**15 मार्च तक किए जाएंगे राशन कार्ड के नवीनीकरण कार्य**

**रायपुर**


छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य जारी है। 04 मार्च की स्थिति में 69 लाख 4 हजार 329 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। छुटे हुए राशनकार्डधारी हितग्राहियों का नवीनीकरण का कार्य के लिए तारीख 15 मार्च 2024 तक बढ़ा दी गई है।

गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य 15 मार्च 2024 तक किया जाएगा। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निशुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित

**रायगढ़ संदेश । रायगढ़**

श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके बच्चों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित है। शैक्षणिक योग्यता अनुरूप प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे-पीएससी, सीजी व्यापम, एसएससी, बैकिंग, रेलवे एवं पुलिस भर्ती के अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग प्रदाय किया जाएगा। मंडल में पंजीकृत श्रमिक की एक वर्ष की नियमित सदस्यता होना आवश्यक है। पंजीकृत श्रमिक अथवा उनके प्रथम दो संतानों को ही योजना का लाभ प्रदाय किया जाएगा। योजना के तहत आवेदन केवल ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। छात्र/छात्रा कोचिंग कक्षाओं में नियमित रूप से पढ़ाई के संबंध में इस संदर्भ में कोचिंग के मुखिया द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। योजना में आवेदन करते समय आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाली दस्तावेज में हितग्राही का जीवित श्रमिक पंजीयन कार्ड की मूल स्कैन प्रति, हितग्राही के आधार कार्ड की प्रति, हितग्राही के शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, अंकसूची की प्रति, हितग्राही द्वारा स्व-घोषणा पत्र की प्रति, समस्त दस्तावेज का मूल प्रति स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड किया जाना अनिवार्य है। योजना संबंधी आवेदन किसी भी च्वाईस सेंटर या कम्प्यूटर सेंटर से करा सकते है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के श्रमिकों की सुविधा के लिए श्रम विभाग द्वारा श्रमेव जयते मोबाइल ऐप का निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से घर बैठे आप अपने मोबाइल से ही स्वयं ही योजना हेतु आवेदन कर सकते है।



# श्रीरामलला मंदिर निर्माण के 500 सालों के संघर्षों की प्रस्तुति देखकर भावुक हुए श्रद्धालु



**रायपुर**

अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के मंदिर निर्माण को लेकर पिछले 500 सालों के संघर्षों और घटनाओं की शानदार प्रस्तुति कल राजिम कुंभ में दी गई। इस ऑडियो-विजुअल संगीतमय प्रस्तुति देखकर श्रद्धालुओं की आंखे नम हो गई।

राजिम कुंभ के मुख्य मंच से ऑडियो-विजुअल के माध्यम से भोपाल से आए मोहित शेवानी ने प्रभु श्रीराम की महिमा और रामायण की कथा की अद्भुत प्रस्तुति दी। श्रद्धालु इन कहानियों को सुनकर भावुक हो उठे। उन्होंने उज्जैन के राजा विक्रमादित्य द्वारा श्रीराम लला से जुड़ी कथाओं का सजीव वर्णन किया।

मंच पर कार्यक्रम की अगली कड़ी में हिलेन्द्र ठाकुर बिलासपुर की टीम ने लोककला मंच में छत्तीसगढ़ी विवाह गीत से लेकर गौरी-गौरा गीतों प्रस्तुति दी। रायपुर के घनश्याम साहू की टीम ने लोकमंच में बारहमासी गीतों की प्रस्तुति देकर एक बार फिर होली की याद दिला दी। छत्तीसगढ़ी में फाग गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने मजबूर कर दिया। दीपाली पांडे ने कत्थक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

# 12 वीं बोर्ड की सामान्य अंग्रेजी परीक्षा संपन्न

## 9151 परीक्षार्थी में 137 रहे अनुपस्थित

**रायगढ़ संदेश । रायगढ़**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 4 मार्च को सामान्य अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 9 हजार 151 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 9 हजार 014 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 137 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।



# सामान्य सभा की बैठक 6 मार्च को

**रायगढ़ संदेश । रायगढ़**

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में 6 मार्च को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आहूत की जाएगी।

श्रीराम लला दर्शन यात्रा

# संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़ संदेश । रायगढ़ .** छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग, मंत्रालय रायपुर द्वारा श्रीराम लला दर्शन (अयोध्या धाम)यात्रा योजना नियम 2024 लागू किया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर मोबा.नं.91656-02767 को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# देखते ही बनती है भगवान राजीव लोचन मंदिर की भव्यता

**राजिम । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के प्रयागराज धर्म नगरी राजिम की पहचान भगवान राजीव लोचन मंदिर प्रचीन भारतीय सभ्यता का जीता जागता प्रमाण है, इसकी भव्यता देखते ही बनती है। छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में प्रख्यात राजिम की ख्याती राजीव लोचन मंदिर व यहां विराजे भगवान विष्णु के साथ जुड़ी है। वहीं नदी के दूसरी ओर कुलेश्वर महादेव का मंदिर इस प्राचीन नगरी को अदभुत बनाती है। राजिम का राजीव लोचन मंदिर आठवीं शताब्दी का है। इसके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक मेला आयोजित किया जाता है।



धर्म नगरी राजिम का प्राचीन नाम कमल क्षेत्र है। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के आरम्भ में भगवान विष्णु के नाभि से निकला कमल यहीं पर स्थित था और ब्रह्मा जी ने यहीं से सृष्टि की रचना की थी। इसीलिए इसका नाम कमलक्षेत्र पड़ा। राजिम में महानदी, पैरी नदी तथा सोढूर नदी का संगम होने के कारण यह स्थान छत्तीसगढ़ का त्रिवेणी संगम कहलाता है। संगम के मध्य में कुलेश्वर महादेव का विशाल मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि वनवास काल में राम ने इस स्थान पर अपने कुलदेवता महादेव की पूजा की थी।

**ड्रोन कैमरे में दिखी नगर की भव्यता-** राजिम नगरी की भव्यता को ड्रोन कैमरे की नजर से देखने का प्रयास किया गया। इस दौरान धर्म नगरी की भव्यता देखते ही बनती है। आसमान की ऊंचाई से राजीव लोचन मंदिर से लेकर महानदी व पूरा नगर एक खास स्वरूप में नजर आया।

किराए पर देना है

कलेक्टर बंगले के सामने रायगढ़ संदेश परिसर में दुकान खाली है, जिसे किराए पर देना है। जो भी डॉक्टर क्लीनिक, पैथोलॉजी, सोनोग्राफी आदि का संचालन करना चाहते हैं संपर्क करें।

मोबाईल नंबर

9479641256, 7987723499

दैनिक रायगढ़ संदेश

दैनिक रायगढ़ संदेश में विज्ञापन व समाचार के प्रकाशन के लिए संपर्क करें।

दैनिक रायगढ़ संदेश अखबार लेने के लिए अपना नाम व पता वाट्सएप करें।

रायगढ़ संदेश कार्यालय, कलेक्टर बंगला के सामने, सिविल लाईन, रायगढ़ (छ.ग.)

वाट्सएप नंबर - 9479641256

ई-मेल- dainikraigarhsandesh@gmail.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक हर्षा चौबे झा द्वारा रायगढ़ संदेश कार्यालय सिविल लाइन रायगढ़ छ.ग. से मुद्रित एवं प्रकाशित, * सहसंपादक- नीरज झा, मो.नं.- 9479641256, (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जवाबदेह, किसी खबर पर विवादों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय रायगढ़ को क्षेत्राधिकार)